राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 289
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 12 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा प्राधिकरण के सीईओ का बड़ा एक्शन
पेज 4 किसानों की समस्याओं पर महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक
पेज 6 शिवम दुबे ने शानदार प्रदर्शन का किया खुलासा, कहा- गेंदबाजी

## संक्षिप्त खबरें

### हैदराबाद में चोरों ने महिला की कुकर से हत्या की

**हैदराबाद।** हैदराबाद में चोरों ने एक महिला की उसकी ही घर में कुकर से हत्या कर दी। यह मामला गुरुवार को सामने आया है। हत्या के बाद चोरों ने सामान चुराया। फिर उसी घर में नहाया। नए कपड़े पहनकर निकल गए। वे अपने साथ 40 ग्राम सोना और 1 लाख ले गए। पुलिस की शुरुआती जांच रिपोर्ट के अनुसार, वारदात 10 सिंतबर की साइबराबाद इलाके में स्वान लेक अपार्टमेंट की है। 50 साल की मृतका रेणु अग्रवाल अपने पति और बच्चे के साथ अपार्टमेंट के 13वें फ्लोर पर रहती थीं। घटना के वक्त महिला घर में अकेली थी।

### तमिलनाडु में व्यक्ति ने पत्नी और उसके प्रेमी का किया कत्ल

**चेन्नई।** तमिलनाडु में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और उसके कथित प्रेमी का सिर कलम कर दिया और कटे हुए सिरों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने कहा कि एक 60 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी की हत्या कर दी और कटे हुए सिरों को बैग में भरकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। ये दोनों हत्याएं गुरुवार को कल्लाकुरिची जिले में उस समय की गईं, जब आरोपी कोलांची ने कथित तौर पर अपनी पत्नी लक्ष्मी को 55 वर्षीय थंगराज के साथ पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि कोलांची ने गुस्से में उन पर हमला कर दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई और उनके सिर धड़ से अलग हो गए।

# नेपाल में अंतरिम पीएम के लिए 'जेन-जी' प्रदर्शनकारियों में झड़प

### एक गुट बोला- सुशीला कार्की भारत समर्थक, हमें मंजूर नहीं, बालेन शाह का समर्थन किया



**काठमांडू।** नेपाल में अंतरिम पीएम के नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। गुरुवार को इसे लेकर 'जेन-जी' दो ग्रुप में बंट गया। इसके बाद सेना मुख्यालय के बाहर दोनों गुटों में हाथापाई हो गई। इसमें कई युवक घायल हो गए।

प्रदर्शनकारियों के एक गुट ने अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की के नाम को खारिज कर दिया है। गुट का आरोप है कि सुशीला कार्की भारत समर्थक हैं और उन्हें यह स्वीकार नहीं हैं। गुट मांग कर रहा है कि काठमांडू मेयर बालेन शाह पीएम बने। अगर बालेन नहीं बनते हैं तो धरान मेयर हरका सम्पांग उनके पीएम उम्मीदवार होंगे। पीएम के नाम को लेकर सेना मुख्यालय में 2 दिन से प्रदर्शनकारी गुटों के साथ बातचीत चल रही है। एक गुट बातचीत को सेना मुख्यालय की जगह राष्ट्रपति भवन में करने की मांग कर रहा है।

नेपाल के काठमांडू में तख्तापलट के दो दिन बाद गुरुवार को त्वद्गठ्ठ-ँ नेता सामने आए। अनिल बनिया और दिवाकर दंगल ने कहा कि युवाओं ने यह विरोध-प्रदर्शन बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर किया है। हमारा मकसद संविधान नहीं, संसद भंग करना है। आर्मी ने एहतियातन राजधानी और उससे सटे इलाकों में तीसरे दिन कर्फ्यू जारी रखा है। नेपाल हिंसा में अब तक 34 मौतें हुई है, जबकि 1500 से ज्यादा लोग घायल हैं।

## भारत की मांग-रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती रोकें

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने गुरुवार रूस से मांग की है कि वह अपनी सेना में भारतीयों को भर्ती करने की प्रथा को खत्म कर दें। साथ ही कहा कि पहले से सेना में शामिल हुए भारतीय नागरिकों को भी छोड़ दिया जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जनता को सलाह दी है कि वे रूस की सेना में भर्ती होने के किसी भी प्रस्ताव पर ध्यान ना दें क्योंकि इसमें खतरा है। हाल ही में भारत सरकार को रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती की खबरें मिली थीं जिसके बाद ये बयान जारी किया गया है। दरअसल, फरवरी 2022 से चल रही रूस-यूक्रेन जंग के दौरान रूसी सेना पर आरोप लगते रहे हैं कि उसने जंग में किराए के और दूसरे देशों के लोगों को जबरन भेजा। इनमें कई भारतीय भी थे, जो नौकरी की तलाश में रूस गए लेकिन वहां फंस गए।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, 10 नक्सली ढेर

### इनमें 1 करोड़ का इनामी बालकृष्ण भी शामिल; ओडिशा स्टेट कमेटी का सचिव था

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। एनकाउंटर में 1 करोड़ के इनामी मोडेम बालकृष्ण समेत 10 नक्सली मारे गए हैं। एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि की है। मैनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाके मटाल में ये मुठभेड़ हुई है।

रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि मैनपुर थाना क्षेत्र के जंगल में सुरक्षाकर्मी नक्सल विरोधी अभियान पर थे, तभी उनका सामना नक्सलियों से हो गया और दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि एसटीएफ, कोबरा (सीआरपीएफ की कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) और राज्य पुलिस के जवान इस अभियान में शामिल थे। जंगल में नक्सलियों के शव पड़े हुए हैं। आईईडी लगे होने का भी खतरा है। रात में सर्च ऑपरेशन नहीं किया जा सकता। फिलहाल, मुठभेड़ रुक गई है।



गुरुवार को हुए एनकाउंटर में बालकृष्ण ढेर

### ओडिशा स्टेट कमेटी का सचिव था बालकृष्ण

गरियाबंद पुलिस ने गुरुवार को मैनपुर के कुल्हाड़ी घाट से लगे पहाड़ी इलाके मटाल में संयुक्त ऑपरेशन चलाया। सुबह से रुक-रुककर कई घंटे तक मुठभेड़ चली। एनकाउंटर में सेंट्रल कमेटी सदस्य मनोज उर्फ बालन्ना उर्फ मोडेम बालकृष्ण अपने 9 साथियों के साथ मारा गया। बालकृष्ण के पास ओडिशा राज्य कमेटी के सचिव की भी जिम्मेदारी थी।

### सरेंडर नक्सली की मदद से बालकृष्ण तक पहुंची पुलिस

मोडेम 25 साल से सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से बच रहा था। एजेंसियों के पास बालकृष्ण के जवानी की तस्वीर भर थी। 15 दिन पहले ही मोडेम बालकृष्ण के गार्ड कैलाश नाम के नक्सली ने सरेंडर किया था। उसी से कुख्यात नक्सली मोडेम के बारे में एजेंसी को कई पुख्ता जानकारियां मिलीं। पुलिस के मुताबिक मोडेम बालकृष्ण कई साल से शुगर की बीमारी से जूझ रहा था। उसके सिर के बाल झड़ गए हैं। उसे चलने के लिए 2 लाठियों का सहारा लेना पड़ता था।

### गरियाबंद में जनवरी में 16 नक्सली मारे गए थे

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में इसी साल 14 जनवरी को करीब 80 घंटे तक चले ऑपरेशन में 16 नक्सली मारे गए थे। इनमें से 12 नक्सलियों पर कुल 3 करोड़ 16 लाख रुपए का इनाम घोषित था। मारे गए नक्सलियों में नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी का मेंबर चलपति भी था। चलपति पर 90 लाख का इनाम था। वहीं नुआपड़ा-गरियाबंद-धमतरी डिवीजन कमेटी का प्रमुख सत्यम गावड़े भी एनकाउंटर में मारा गया था। यह पहला मौका था जब छत्तीसगढ़ में किसी मुठभेड़ में सेंट्रल कमेटी का सदस्य मारा गया। चलपति ऊर्फ अप्पा राव गरियाबंद के भालूडिग्गी इलाके से ही 3 राज्यों में नक्सल एक्टिविटी को कंट्रोल करता था।

# पीएम मोदी के मणिपुर दौरे से 2 दिन पहले हिंसा

### उपद्रवियों ने पोस्टर-बैनर फाड़े, आग लगाई; 13 सितंबर को मोदी चुराचांदपुर-इंफाल जाएंगे



इंफाल। पीएम मोदी के मणिपुर दौरे के दो दिन पहले राज्य में फिर हिंसा भड़की।

गुरुवार देर रात चुराचांदपुर में उपद्रवियों ने पीएम मोदी के स्वागत में लगे पोस्टर बैनर फाड़ दिए, बैरेकेडिंग गिरा दी और उनमें आग लगा दी।

यह घटना पीसोनमुन गांव में हुई, जो चुराचांदपुर पुलिस स्टेशन से लगभग 5 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने उपद्रवियों को भगाया। लाठीचार्ज भी किया। हालांकि कितने घायल हुए हैं इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

न्यूज एजेंसी ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि मोदी 13 सितंबर को राज्य का दौरा करेंगे और 8,500 करोड़ रुपये की सौगात देंगे। मोदी चुराचांदपुर के पीस ग्राउंड से 7,300 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे।

यह इलाका कुकी बाहुल है। इसके साथ ही पीएम मैतेई बहुल इलाके इंफाल से 1,200 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट का इनॉगरेशन भी करेंगे।

मणिपुर हिंसा के बाद मोदी का यह पहला मणिपुर दौरा है। मई 2023 में मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इस हिंसा में अब तक 260 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है।

### मणिपुर के सांसद बोले- मोदी कठिन समय पर आ रहे

मणिपुर के एकमात्र राज्यसभा सांसद लीशेम्बा सनाजाओबा ने प्रधानमंत्री के दौरे को राज्य के लिए बहुत सौभाग्यशाली बताया। एक वीडियो मैसेज में उन्होंने कहा- यह बहुत सौभाग्य की बात है कि मोदी लोगों की कठिनाइयों को सुनेंगे। मणिपुर में पहले भी हिंसक झड़पों का इतिहास रहा है। हालांकि, ऐसे समय में पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने राज्य का दौरा नहीं किया और लोगों की बात नहीं सुनी। मोदी ऐसे कठिन समय में यहां आने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं।

# सीआरपीएफ बोली- राहुल गांधी सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं मानते

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को लेटर लिखा- बिना बताए विदेश जाते हैं; 9 महीने में 6 बार गए

नई दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाया है।

सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर कहा है कि राहुल गांधी पिछले 9 महीने में बिना सूचना दिए 6 बार विदेश गए। इस दौरान वे इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया की यात्रा कर चुके हैं।



बीजेपी ने यह तस्वीर शेयर करते हुए दावा किया था कि राहुल गांधी वोटर अधिकार यात्रा के बाद सिंगापुर में छुट्टियां मना रहे हैं।

सीआरपीएफ ने राहुल गांधी को भी अलग से पत्र भेजा है। इसमें लिखा गया है कि इस तरह की चूक से उनकी जेड+ कैटेगरी सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है और उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी ने कहा कि इससे पहले भी वह इस मुद्दे को उठा चुकी है।


राहुल गांधी को एडवांस सिक्योरिटी लाइजन कवर के साथ सबसे उच्च स्तर की जेड+ सिक्योरिटी मिली है।

इस सुरक्षा श्रेणी वाले लोगों को 'येलो बुक प्रोटोकॉल' के तहत अपनी हर गतिविधि और विदेश यात्रा की जानकारी पहले से सुरक्षा एजेंसियों को देनी होती है ताकि उनके लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए जा सकें।



## हैप्पी मॉर्निंग

पप्पू- ये लड़कियां इतने व्रत क्यों रखती हैं?
मां- बेटा इतनी आसानी से थोड़ी मिल जाएगा किसी को तू
पप्पू (मन ही मन सोचता हुआ) बोला- कसम से आज पहली बार
देवता वाली फीलिंग आ रही है....




## शायरी

उफनती नदियां जो बाढ़ लेकर आई हैं और कुछ नहीं बस तबाही, बर्बादी और मुसीबतों का पहाड़ लेकर आई हैं

## अर्थसार

सेंसेक्स:
81,548.73
+123.58 (0.15%)
निफ्टी:
25,005.50
+32.40



## मौसम



अधिकतम : 33 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 6 : 06
सूर्यास्त शुक्रवार : 6 : 31

# एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़, पुलिस ने पकड़ा 50 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ

### मोस्ट वांटेड भी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** राजस्थान में प्रतापगढ़ पुलिस और एजीटीएफ जयपुर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पीपलखूंट थाना क्षेत्र में एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। इस दौरान पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश जमशेद उर्फ जम्मू खान को गिरफ्तार कर करीब 50 करोड़ रुपए की ड्रग्स और सामान बरामद किया।

एसपी बी. आदित्य ने बताया कि 10 सितंबर को एजीटीएफ जयपुर को सूचना मिली थी कि टांडा बड़ा सरहद बोरी मोजल गांव स्थित ईश्वर मीणा के मकान में अवैध रूप से एमडी ड्रग्स तैयार की जा रही है। इस पर एजीटीएफ और प्रतापगढ़ जिले की विभिन्न थाना पुलिस ने बुधवार देर रात दबिश देकर फैक्ट्री पकड़ी।



कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 70 किलो 720 ग्राम लिक्विड केमिकल, 17 किलो 300 ग्राम तैयार एमडी, 100 ग्राम तैयार एमडी ड्रग्स, दो बड़े स्टील बर्तन, दही बिलोने की मशीन, हीटर और बाइक जब्त की।

बरामद मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 करोड़ रुपये आंकी गई है।

# दिल्ली-एमपी समेत 4 राज्यों से 5 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

### आईईडी बनाने वाले सामान बरामद; सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और सेंट्रल एजेंसियों ने टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से 5 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है।

यह जानकारी स्पेशल सेल के एसीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। पुलिस ने बताया, झारखंड से दो, दिल्ली से एक, तेलंगाना से एक और मध्य प्रदेश से एक संदिग्ध को अरेस्ट किया गया है।

संदिग्ध आतंकियों के पास से सल्फर पाउडर, सल्फ्यूरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, सोडियम बाइकार्बोनेट, बॉल बियरिंगस और सेफ्टी ग्लास, रेस्पिरेटरी मास्क, सर्किट वायर, मदर बोर्ड, लैपटॉप और हथियार मिले हैं। ये सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे।



### पुलिस ने बताया, लीडर का नाम गजवा था

एसीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया, 'ये लोग एक पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे। उसने इन्हें 'खिलाफत मॉडल' अपनाने को कहा था। इन्हें हमलों के लिए एक ठिकाना खोजना था। इसके अलावा और लोगों भी इससे जोड़ने का टास्क दिया गया था।

'टीम के लीडर दानिश को गजवा नाम दिया गया। उसका कोड नेम था CEO। ये लोग इस काम को प्रोफेशनली अंजाम दे रहे थे।'

'ये पांचों लोग 20 से 25 साल के हैं। दानिश झारखंड से था। इसी ने बाकी लोगों को जोड़ा था। इसके बाद आफताब अंसारी था। ये मुंबई का रहने वाला है। मीट बेचने का काम करता था।'

'आफताब को टारगेटेड किलिंग का काम दिया गया था। ये जब दिल्ली से वापस जाने वाला था तब इसे और इसके साथी सूफियान को अरेस्ट किया गया। इनके एक और साथी कामरान कुरैशी को मध्य प्रदेश के रायगढ़ से पकड़ा गया और एक पांचवें आदमी हुजेफा को तेलंगाना में निजामाबाद से अरेस्ट किया गया।'

### सोशल मीडिया के जरिए युवाओं की भर्ती करते थे

दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकी भारत में बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने की फिराक में थे। वे सोशल मीडिया का इस्तेमाल भारत में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें अपने नेटवर्क में भर्ती करने के लिए करते थे।

# मथुरा-वृंदावन के आधे इलाके में बाढ़, घर डूबे

### हरियाणा के घग्गर ड्रेन में दरार, 300 एकड़ फसल डूबी; रायपुर एयरपोर्ट का नेविगेशन सिस्टम फेल

**नई दिल्ली/चंडीगढ़/लखनऊ।** देश के उत्तरी राज्यों में बारिश के कारण हालात अभी भी खराब हैं। हरियाणा के सिरसा में हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन में बुधवार को फिर कटाव शुरू हो गया। ड्रेन में करीब 50 फीट चौड़ी दरार आ गई, जिससे 300 एकड़ फसल डूब गई।

उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के बाद गंगा, यमुना समेत नदियों में पानी बढ़ गया है। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा और वृंदावन में 50त्न इलाका बाढ़ की चपेट में है। राधा वल्लभ मंदिर में पानी भर गया।

छत्तीसगढ़ के रायपुर में बिजली गिरने की वजह से एयरपोर्ट पर नेविगेशन सिस्टम खराब हो गया था। इसके कारण 5 फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ीं। बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती घेरा अगले 4-5 दिन रहेगा। इसका असर केवल तटीय और मध्य भारत तक सीमित रहेगा।

इसलिए मौसम विभाग ने ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश समेत पूर्वोत्तर में आज और कल भारी बारिश का अनुमान जताया है।

## अदालत का आदेश

### महाराष्ट्र सरकार को आदेश- अकोला दंगों पर हिंदू-मुस्लिम अफसरों को मिलाकर एसआईटी बनाए

# सुप्रीम कोर्ट बोला- पुलिसकर्मी जाति-धर्म से ऊपर उठकर काम करें

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र के 2023 अकोला दंगों की जांच पर कहा कि पुलिस वर्दी पहनने के बाद अफसरों को जाति और धर्म से ऊपर उठकर सिर्फ कानून के अनुसार काम करना चाहिए।

अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि दंगों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल बनाया जाए, जिसमें हिंदू और मुस्लिम समुदाय के सीनियर ऑफिसर शामिल हों।

जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच 17 साल के मोहम्मद शरीफ की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शरीफ ने याचिका में कहा, दंगों के दौरान मुझ पर हमला हुआ, लेकिन महाराष्ट्र पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की और न ही जांच की।

दरअसल, महाराष्ट्र के अकोला में मई 2023 में हुए दंगों में 1 व्यक्ति की मौत हुई थी और दो पुलिसकर्मियों समेत आठ लोग घायल हुए थे।

### मई 2023- अकोला में दो समुदाय के बीच पत्थरबाजी

महाराष्ट्र के अकोला में सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर 13 मई 2023 को दो समुदाय के बीच हुई हिंसक हुई थी।

अकोला एसपी संदीप घुघे ने बताया था- ओल्ड सिटी इलाके में मामूली बात पर दो समुदाय के बीच पत्थरबाजी हुई थी। उपद्रवियों ने कई वाहन जला दिए। कुछ लोगों ने थाने का घेराव करने की भी कोशिश की थी। इस दौरान विलास महादेवरो गायकवाड़ नाम के व्यक्ति की मौत हो गई थी और दो पुलिसकर्मियों समेत आठ लोग घायल हुए थे।

### जुलाई 2024 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

मोहम्मद शरीफ ने इससे पहले जुलाई 2024 में बॉम्बे हाईकोर्ट (नागपुर खंडपीठ) में याचिका लगाई थी लेकिन, हाईकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था।

इसके बाद याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।



# संपादकीय

## 'जागो युवा, बदलेगा जहाँ' अब मनमानी नहीं चलेगी



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

आज का युवा केवल पढ़ाई और नौकरी तक सीमित नहीं है, बल्कि बदलाव की मशाल बन चुका है। यह जागरूकता अब किसी एक देश की कहानी नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का सच है। भारत में भी यह लहर सत्ता को चुनौती दे रही है।

### 'वैश्विक उदाहरण : युवा ही असली क्रांति की ताक़त'

- **हांगकांग :** छात्रों ने लोकतंत्र और आज़ादी की आवाज़ बुलंद की।
- **अमेरिका ( George Floyd आंदोलन ) :** युवाओं ने नस्लभेद के खिलाफ सड़कों पर उतरकर पूरी दुनिया को झकझोरा।
- **अरब स्प्रिंग ( Egypt, Tunisia, Libya ) :** युवाओं के आंदोलन ने दशकों पुराने तानाशाहों को हिला दिया।
- **नेपाल ( 2025 ):** सोशल मीडिया बैन और महंगाई के खिलाफ गुस्साए युवाओं ने सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया।

### भारत का सच : युवा अब चुप नहीं

चाहे #FarmersProtest हो, #CAAProtests हों या #ClimateStrike — भारतीय युवाओं ने साबित कर दिया है कि वे केवल दर्शक नहीं, बदलाव के निर्माता हैं। गाँव से लेकर महानगर तक अब सवाल उठ रहे हैं।

### महान लोगों के विचार : युवा शक्ति पर

- **स्वामी विवेकानंद :** 'मेरे देश की युवाशक्ति जाग जाए, तो भारत कुछ ही दशकों में विश्व गुरु बन जाएगा।'
- **नेल्सन मंडेला :** 'युवा केवल भविष्य के नेता नहीं हैं, वे आज के भी नेता हैं।'
- **महात्मा गांधी :** 'भविष्य इस पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं।'
- **मार्टिन लूथर किंग जूनियर :** 'दुनिया में कहीं भी अन्याय, हर जगह न्याय के लिए खतरा है।'

### दमन बनाम प्रतिरोध

सत्ता युवाओं से डरती है। यही कारण है कि आवाज़ को दबाने के लिए लाठीचार्ज, मुकदमे और सेंसरशिप का सहारा लिया जाता है। लेकिन यह पीढ़ी डरकर घर नहीं बैठती, बल्कि और मज़बूती से खड़ी होती है।

### सरकार के लिए स्पष्ट संदेश

अगर सरकारें पारदर्शिता और जवाबदेही से दूर भागेंगी, तो यही युवा सत्ता बदल देंगे। क्योंकि अब उनका धैर्य टूट चुका है और उनका विश्वास केवल काम पर है, वादों पर नहीं।

### निष्कर्ष


'युवा जाग रहा है' अब केवल भारत की नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी सच्चाई है। युवा शक्ति आज व्यवस्था बदलने के लिए तैयार है।
सरकार चाहे तो इस ताक़त को देश निर्माण में भागीदार बना सकती है, अन्यथा इतिहास में गिरे हुए सिंहासनों की भीड़ में खो जाएगी।

## राधाकृष्णन से उम्मीदें

इसमें दो राय नहीं कि भारत के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन का चुनाव विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की संवैधानिक यात्रा में निरंतरता और परिवर्तन, दोनों का ही प्रतीक है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग के उम्मीदवार के के रूप में उन्होंने विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के बड़े अंतर से हराया। यह जीत राजग सरकार की विधायी शक्ति और संगठनात्मक अनुशासन को भी रेखांकित करती है। निस्संदेह, भाजपा के लिये, सीपी राधाकृष्णन का चयन एक रणनीतिक कदम ही है। तमिलनाडु के एक अनुभवी नेता, जिनकी आरएसएस में गहरी जड़ें रही हैं, ने पार्टी में महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी भूमिकाएं भी निभाई हैं। वे पार्टी से दो बार लोकसभा के लिये सांसद चुने गए। राज्यपाल पद से उन्हें उपराष्ट्रपति पद के लिये पदोन्नत करके, एनडीए ने न केवल उनकी निष्ठा और अनुभव को पुरस्कार दिया है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में एक दक्षिण भारत के चेहरे को प्रतिष्ठा देकर अपने दूरगामी इरादों को भी जाहिर कर दिया है। जिसका एक सिरा भाजपा के दक्षिण भारत में अपना प्रभाव बढ़ाने के रूप में पार्टी की एक व्यापक महत्वाकांक्षा से भी जुड़ता है। उस महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षेत्र में जहां उसे पारंपरिक रूप से चुनावी पैठ बनाने के लिए अब भी संघर्ष करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि सीपी राधाकृष्णन को राजग के उपराष्ट्रपति पद के लिये उम्मीदवार बनाने के निर्णय ने सबको चौंकाया था। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह निर्णय उनकी राजनीतिक स्मृति की विरासत को भी दर्शाता है। पार्टी के उन नेताओं का सम्मान करना, जिनकी पार्टी के कठिन वर्षों के दौरान की दृढ़ता ने आज की मजबूत भाजपा के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं उनका चुना जाना विपक्ष के राजग का सशक्त विकल्प बनाने के संघर्ष को भी उजागर करता है। उप राष्ट्रपति पद के चुनाव में हार का अंतर न केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ताकत को दर्शाता है बल्कि वहीं दूसरी ओर विपक्ष की फूट और क्रॉस-वोटिंग को भी दर्शाता है।
बहरहाल, सीपी राधाकृष्णन का उप राष्ट्रपति पद के लिये चुना जाना विपक्ष के लिये एक सबक जैसा भी है। जो उसे याद दिलाता है कि प्रतीकात्मक मुकाबले एक सुसंगत रणनीति का विकल्प नहीं हो सकते। निर्विवाद रूप से उपराष्ट्रपति का पद केवल औपचारिक व्यक्ति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। वे सांविधानिक पद सोपान में दूसरे सबसे ऊंचे पद पर तो आसीन होते ही हैं, राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उनकी जिम्मेदारियां भी महत्वपूर्ण होती हैं। राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उन्हें उच्च सदन में अकसर होने वाले हंगामेदार वाद-विवादों का भी शालीनतापूर्वक निपटारा करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके नेतृत्व में राज्यसभा की कार्यवाही अधिक समावेशी हो सकेगी और सदन में जन सरोकारों से जुड़ा अधिक कार्य हो सकेगा। उनके लिये चुनौती होगी कि वे अपनी वैचारिक संबद्धता के बावजूद, सदन की कार्यवाही के संचालन में निष्पक्षता और न्यायसंगतता का प्रदर्शन करें। यह निर्विवाद सत्य है कि संसद की विश्वसनीयता अध्यक्ष की दलीय सीमाओं से परे सम्मान अर्जित करने की क्षमता पर निर्भर करती है। ऐसे समय में जब संसदीय कार्यप्रणाली सार्वजनिक विमर्श के दायरे में है, अगर राधाकृष्णन दलगत दबावों से ऊपर उठ सकते हैं, विधायी बहस को मजबूत कर सकते हैं और राज्यसभा की गरिमा का संवर्धन करते हैं, तो उनकी विरासत दलीय निष्ठा से कहीं आगे प्रतिष्ठा हासिल करेगी। यह भी एक हकीकत है कि राधाकृष्णन ऐसे वक्त में यह पद संभालेंगे जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की खाई ज्यादा गहरी नजर आती है। यही असहमति सर्वसम्मत चुनाव पर एक राय नहीं बना पायी है। आने वाले समय में उन्हें पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर विधायी कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। निस्संदेह, उनकी भूमिका गरिमामय संसदीय परंपराओं को अक्षुण्ण बनाये रखने में भी होगी। जिसके लिये उन्हें राजनीतिक प्रतिबद्धताओं से मुक्त नजर भी आना होगा।

# भारतीय दिल खतरे में, एक गंभीर चुनौती की टंकार

- ललित गर्ग -



आधुनिक युग को यदि सुविधाओं और संसाधनों का युग कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी, लेकिन इन सुविधाओं और विलासिताओं की कीमत भी समाज को चुकानी पड़ रही है। मशीनों और तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, परंतु इसके साथ ही ऐसी अनेक जीवनशैली-जनित बीमारियों को जन्म दिया है जो पहले दुर्लभ थीं। इन बीमारियों में सबसे बड़ी और भयावह बीमारी है-दिल का रोग। दिल की बीमारियाँ आज विश्व में असमय मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बन चुकी हैं और भारत भी इससे अछूता नहीं है। हाल ही में जारी कॉजेज ऑफ डेथ इन इंडिया 2021-23 की रिपोर्ट इस खतरे की गंभीरता को और स्पष्ट करती है। पहले जहाँ माना जाता था कि हृदय रोग और दिल के दौरे बुजुर्गों की बीमारी है, वहीं अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अब 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में हृदयाघात से होने वाली मौतें तेजी से बढ़ रही हैं। यानी युवाओं में दिल का दौरा अब असामान्य नहीं, बल्कि आम होता जा रहा है। यह न केवल चिकित्सा जगत के लिए चिंता का विषय है बल्कि समाज और परिवार के लिए भी गहरी चिंता का कारण है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में हृदय रोगों के कारण विश्वभर में लगभग 1.8 करोड़ लोगों की मृत्यु हुई। यह आंकड़ा किसी भी अन्य बीमारी से कहीं अधिक है। अकेले भारत में प्रतिवर्ष लगभग 28 प्रतिशत मौतें हृदय रोगों से होती हैं। इसका अर्थ यह है कि हर चौथा भारतीय हृदयाघात या उससे जुड़ी बीमारी का शिकार होकर अकाल मृत्यु का सामना कर रहा है। शहरी क्षेत्रों में यह दर और भी अधिक है क्योंकि वहाँ तनाव, प्रदूषण, अस्वस्थ भोजन और व्यायाम की कमी का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कहीं ज्यादा है। विशेष चिंता की बात यह है कि भारत में 40 प्रतिशत से अधिक दिल के दौरे 40 वर्ष से कम आयु में आ रहे हैं। यह आंकड़ा अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों से कहीं अधिक है, जहाँ यह दर 10 से 15 प्रतिशत के बीच है। इस तथ्य से स्पष्ट है कि भारतीय युवा पीढ़ी का हृदय पहले से कहीं अधिक असुरक्षित एवं खतरे में है।


नमूना पंजीयन सर्वेक्षण के नए आंकड़े विशेषकर दिल के प्रति सजग रहने की वकालत करते हैं। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। यदि हम यहां पर भारत में मोटापे की राष्ट्रीय स्थिति की बात करें तो भारत में मोटापे की औसत दर लगभग 40.3 प्रतिशत है, जिसमें महिलाओं में यह दर 41.88 प्रतिशत और पुरुषों में 38.67 प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में यह दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। आंकड़े बताते हैं कि पुडुचेरी, चंडीगढ़, और दिल्ली जैसे राज्यों में मोटापे की दर उच्चतम है। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। सर्वेक्षण में यह पता चला है कि 30 से अधिक उम्र वाले लोगों में मौत की सबसे बड़ी वजह यही है। देश के 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित क्षेत्रों में करीब 88 लाख लोगों पर किए गए इस सर्वेक्षण से यह पता लगाने की कोशिश की गई थी कि भारत में मौत की वजह क्या है और किस बीमारी से कितनी जान जा रही है? एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2021 में कोविड-19 महामारी के कारण मृत्यु दर में वृद्धि हुई। हालांकि, 2022 और 2023 में स्थिति में सुधार देखा गया, लेकिन महामारी के प्रभाव से उत्पन्न स्वास्थ्य संकटों का असर अभी भी महसूस किया जा रहा है।

दिल की बीमारियों की बढ़ती प्रवृत्ति को केवल चिकित्सा या आनुवंशिक कारणों से नहीं समझा जा सकता। इसके पीछे कई सामाजिक, आर्थिक और जीवनशैली संबंधी कारण हैं। आज का युवा वर्ग फास्ट फूड, जंक फूड और प्रोसेस्ड भोजन पर अधिक निर्भर है। इसमें उच्च मात्रा में तेल, नमक और चीनी होती है, जो हृदय की धमनियों को अवरुद्ध कर देती है। पारंपरिक संतुलित आहार जिसमें दाल, सब्जियां, अनाज और फल शामिल थे, अब जीवन से गायब होते जा रहे हैं। आधुनिक जीवन की दौड़-भाग, नौकरी और कैरियर की अनिश्चितता, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दबाव और सामाजिक अपेक्षाएँ युवाओं को लगातार मानसिक तनाव में रखती हैं। तनाव से हार्मोनल असंतुलन होता है और यह हृदय की धड़कन तथा रक्तचाप को प्रभावित करता है। धूम्रपान, शराब और अन्य नशे की वस्तुएँ दिल की बीमारी के सबसे बड़े कारणों में शामिल हैं। धूम्रपान से रक्त नलिकाएँ सिकुड़ जाती हैं और धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। यही स्थिति शराब और ड्रग्स से भी उत्पन्न होती है।

शहरी जीवनशैली ने युवाओं को गतिहीन बना दिया है। दिनभर दफ्तर या कंप्यूटर पर बैठकर काम करने से शारीरिक गतिविधियाँ नगण्य हो जाती हैं। मोटापा, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज इसी निष्क्रिय जीवनशैली की उपज हैं और ये तीनों मिलकर दिल की बीमारी का बड़ा खतरा पैदा करते हैं। महानगरों की हवा में जहरीले कणों की बढ़ती मात्रा भी दिल की धड़कन और श्वसन तंत्र को प्रभावित करती है। अध्ययनों से सिद्ध हुआ है कि प्रदूषण से हृदयाघात की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। जिन परिवारों में पहले से दिल की बीमारियाँ रही हैं, उनमें यह जोखिम अधिक रहता है। लेकिन पहले केवल यही एक बड़ा कारण माना जाता था, जबकि अब जीवनशैली के कारक अधिक प्रभावी साबित हो रहे हैं। दिल की बीमारियाँ केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य की समस्या नहीं हैं, बल्कि इसके व्यापक सामाजिक और आर्थिक परिणाम हैं। जब कोई 30 या 40 वर्ष का युवा अचानक दिल का शिकार होकर मर जाता है तो उसके परिवार की आर्थिक रीढ़ टूट जाती है। भारत जैसे विकासशील देश में जहाँ युवाओं को सबसे बड़ी पूंजी और शक्ति माना जाता है, वहाँ उनका इस प्रकार बीमार होना राष्ट्र के भविष्य को भी खतरे में डालता है। दिल की बीमारियों से बचाव संभव है, यदि समाज और व्यक्ति दोनों ही स्तर पर गंभीर प्रयास किए जाएँ। भोजन में ताजे फल, हरी सब्जियाँ, साबुत अनाज, दालें और कम वसा वाला भोजन शामिल किया जाए। नमक, चीनी और तैलीय भोजन का सेवन सीमित किया जाए। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट पैदल चलना, योग, प्राणायाम और हल्की कसरत को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। ध्यान, मेडिटेशन और समय प्रबंधन की आदतें तनाव को कम कर सकती हैं। धूम्रपान, शराब और अन्य नशों से दूर रहना हृदय को सुरक्षित रखने की सबसे बड़ी कुंजी है। ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की समय-समय पर जांच से बीमारी का प्रारंभिक चरण में पता लग सकता है। सरकार, सामाजिक संस्थाएँ और चिकित्सा जगत को मिलकर दिल की बीमारियों के प्रति जनजागरण अभियान चलाना चाहिए। दिल की बीमारी आज 'साइलेंट किलर' बन चुकी है। यह अचानक प्रकट होकर जीवन को समाप्त कर देती है। लेकिन यह पूरी तरह अनियंत्रित नहीं है। यदि हम अपने जीवन में अनुशासन, संतुलन और संयम को स्थान दें, तो हृदय रोग से बड़ी हद तक बचा जा सकता है। कॉजेज ऑफ डेथ इन इंडिया 2021-23 की रिपोर्ट केवल एक चेतावनी है कि अब समय आ गया है जब समाज और व्यक्ति दोनों को इस खतरे को गंभीरता से लेना होगा। यह केवल चिकित्सकों या अस्पतालों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की अपनी जिम्मेदारी है कि वह अपने दिल को स्वस्थ रखने के लिए सजग और सतर्क रहे। दिल की धड़कनें जीवन का संगीत हैं, इन्हें समय से पहले मौन होने से बचाना ही आज की सबसे बड़ी चुनौती है। भारत की चिकित्सा स्थितियां एवं सेवाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जहां सुधर रही हैं, वहीं स्वास्थ्य-स्थितियां नई-नई चुनौतियां लेकर खड़ी हो जाती है। इसलिये चिकित्सा-स्थितियों के साथ-साथ स्वास्थ्य-स्थितियों में सुधार की तीव्रता से अपेक्षा है। भारत में स्वास्थ्य-क्रांति का शंखनाद हो, यह व्यक्तियों को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करें, सरकारों को स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और संसाधनों में निवेश करने के लिए प्रेरित करें और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में लगातार सुधार करने के लिए प्रेरित करे।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3648




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3647 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

बड़े लंबे अरसे बाद दो पुराने पड़ोसी दोस्त मिले। एक-दूसरे का हालचाल पूछने पर मालूम हुआ कि दोनों शादी कर चुके हैं।
पहला उत्सुकतावश बोला- कैसी है तुम्हारी पत्नी?
दूसरे ने चहककर बताया- मेरी पत्नी का क्या कहना यार! वो तो स्वर्ग की अप्सरा है अप्सरा...!
पहला मायूस होकर दबे स्वर में बोला- खुशकिस्मत हो भाई! मेरी तो अभी जिंदा है....।

□ □ □

बहुत दिनों के बाद पुराने मित्रों का मिलन हुआ। रमेश ने पूछा- तुम्हारी उस प्रेमिका का क्या हुआ, जिसके तुम बहुत बड़े आशिक हुआ करते थे, उस जमाने में।
नरेश- कुछ खास नहीं! उसकी माँग इतनी बड़ी थी कि मुझे उससे रिश्ता तोड़ना पड़ा।
रमेश- अच्छा! लेकिन तुम्हारी प्रेमिका की माँग क्या थी?
नरेश- तुमसे शादी करने की।

□ □ □

एक बच्चाा तालाब में डूब रहा था। सभी देख रहे थे। किसी में हिम्मत न थी कि बच्चो को बचा लाए। तभी एक साहब ने छलांग लगा दी और बच्चो को बचा लिया। दर्शकों में से एक बोला - बडी हिम्मत की आपने ।
वह व्यक्ति बोला - हिम्मत की ऐसी-तैसी, पहले यह बताओ, मुझे धक्का किसने दिया था ?

## फिल्म वर्ग पहेली- 3648



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंन्द्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्वाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3647



## सूडोकु -3648

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3647 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## शब्द पहेली - 3648




**बाएँ से दाएँ**

1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 3647 का हल



# नोएडा प्राधिकरण के सीईओ का बड़ा एक्शन

## 1 से 5 लाख के कार्य पर रोक, 2 करोड़ के कार्यों के टेंडर रोके, मांगा दो साल का ब्यौरा




**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने बड़ा एक्शन लिया है। सीईओ ने आदेश जारी कर सिविल , अन्य खंडों में कोटेशन के जरिए 1 से 5 लाख तक के सभी कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।

इसी तरह सिविल, जल विद्युत यांत्रिकी , उद्यान , जन स्वास्थ्य और अन्य विभागों से संबंधित सिविल और अनुरक्षण कार्य जिनकी लागत 2 करोड़ की सीमा में है। ऐसे कार्यों की सैद्धांतिक स्वीकृति अपर मुख्य कार्य पालक अधिकारी से मिलती है। इन सभी कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। बिना सीईओ की अनुमति के अब कार्यों के लिए टेंडर नहीं होंगे। सीईओ ने कोटेशन के जरिए 1 से 5 लाख तक और 2 करोड़ तक के सैद्धांतिक स्वीकृति वाले वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 तक के सभी कार्यों की सूची एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए है। इस आदेश के बाद प्राधिकरण के सभी विभागों में हड़कंप मच गया है। सीईओ ने इन दोनों आदेशों को तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए लिखित ऑर्डर जारी किया है।

### दो साल का मांगा कार्यों का ब्योरा

प्राधिकरण सीईओ ने दोनों आदेशों में 2023-24 और 2024-25 के सभी 1 से 5 लाख और सैद्धांतिक स्वीकृति के आधार पर 2 करोड़ की सीमा में कराए गए कार्यों का ब्योरा मांगा है। ये ब्योरा संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में देना होगा। जिनके पत्रावलियों की जांच की जाएगी। जिसके बाद भी इस प्रकार के कार्यों की रोक हट सकती है। हालांकि जब तक कार्यों का ब्योरा स्पष्ट नहीं होता तब तक रोक रहेगी।

### अधिकारों का किया जा रहा दुरुपयोग

सीईओ लोकेश एम ने बताया कि अक्सर देखा गया है कि 1 से 5 लाख के कार्यों को आकस्मिक या आपताकालीन परिस्थितियों में दिखाते हुए बिना ई टेंडर प्रक्रिया या कोटेशन के माध्यम से कार्यों को करवाकर उनका भुगतान किया जा रहा है।
यही नहीं शीर्ष अधिकारियों को उसकी पत्रावली तक नहीं दिखाई जा रही। जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। ऐसे में अधिकारियों की ओर से अपने अधिकारों का दुरुपयोग स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है। ऐसे में सभी कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

### दो करोड़ के कार्यों के लिए लेनी होगी अनुमति

दो करोड़ के कार्यों के लिए भी है। एसीईओ स्तर से सैद्धांतिक स्वीकृति के बाद टेंडर प्रकिया की जा रही है। ऐसे में सड़क निर्माण , अनुरक्षण और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की टेंडर प्रक्रिया करने से पहले मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अनुमति लेनी होगी। जिसके बाद टेंडर जारी किए जा सकेंगे।

## 12 लाख में खरीदा प्लॉट दूसरों को बेच दिया

**जेवर।** दिल्ली की एक महिला के साथ ग्रेटर नोएडा में जमीन खरीद में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। महिला ने 2012 में यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के मुंजखेड़ा गांव में 150 मीटर का आवासीय प्लॉट 12 लाख रुपये में खरीदा था। प्लॉट का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी कराया गया था। किसान धर्मपाल, मेघराज और महेशचंद से खरीदे गए इस प्लॉट को किसानों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर दिल्ली निवासी संदीप गुप्ता को बेच दिया। पीड़िता अर्चना भार्गव को 2024 में पता चला कि उनका प्लॉट दूसरों को बेच दिया गया है। जब पीड़िता ने किसानों से इस बारे में बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस से मदद न मिलने पर पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर दनकौर कोतवाली पुलिस ने मेघराज, महेशचंद, संदीप गुप्ता, इमला, विवेक, सचिन, अंकित, रघुवीर, शिव रिसोर्स और श्वेता सिंघल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# नोएडा में आईएएस की शिकायत करने वाले अफसरों का ट्रांसफर

एजेंसी

नोएडा। आईएएस अधिकारी और अपर आयुक्त नोएडा संदीप भागिया का विरोध करने वाले अधिकतर अधिकारियों को बुधवार को हटा दिया गया। इन अधिकारियों को अन्य पदों पर तैनाती दी गई है।
दरअसल, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद की महिला अधिकारियों ने पांच अगस्त को मुख्यमंत्री के नाम एक शिकायती पत्र भेजा था।
इसमें आईएएस अधिकारी और राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड-1 संदीप भागिया पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया। संदीप भागिया के पास गाजियाबाद का भी कार्यभार है।

### 14 अधिकारियों के ट्रांसफर

विशेष सचिव राज्य कर श्याम नारायण ने बुधवार को इस संबंध में ट्रांसफर ऑर्डर जारी कर दिया। राज्य कर विभाग ने कुल 14 अधिकारियों के ट्रांसफर किए। सहायक आयुक्त वंदना सिंह को सचल दल इकाई गौतमबुद्धनगर से हटाकर उच्च न्यायालय प्रयागराज में तैनात किया गया है।

**महिला अधिकारियों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया, सीएम योगी को पत्र भेजा था**

### कौन कहां भेजा गया

शिखा सिंह सहायक आयुक्त सचल दल इकाई पांच गौतमबुद्धनगर से महोबा, रोहित रावत सहायक आयुक्त सचल दल इकाई दो गौतमबुद्धनगर से टैक्स ऑडिट अयोध्या भेजे गए हैं।
प्रियंका सचल दल इकाई गौतमबुद्धनगर से उच्च न्यायालय कार्य के लिए लखनऊ, आलोक कुमार संयुक्त आयुक्त एसआईबी गौतमबुद्धनगर से उच्च न्यायालय कार्य के लिए प्रयागराज, विवेक आर्या अपर आयुक्त ग्रेड दो एसआईबी गौतमबुद्धनगर से मुरादाबाद और ज्योति भौंत कानपुर प्रथम से एसआईबी राज्य कर गौतमबुद्धनगर भेजी गई हैं।
सहायक आयुक्त प्रशांत कुमार राय महोबा से सचल दल इकाई गौतमबुद्धनगर, सुरेंदर कुमार टैक्स ऑडिट अयोध्या से सचल दल इकाई-5 गौतमबुद्धनगर भेजे गए हैं। अपर आयुक्त अनिल कुमार द्वितीय प्रतीक्षारत से अपील मथुरा, प्रशांत कुमार अपील मथुरा से एसआईबी कानपुर प्रथम भेजे गए हैं।
सहायक आयुक्त राजीव कुमार खंड-4 कानपुर से सचल दल इकाई तीन गौतमबुद्धनगर, सत्य ब्रत उपाध्याय आगरा से सचल दल इकाई एक गौतमबुद्धनगर भेजे गए हैं। कौशलेंद्र कुमार राय संयुक्त आयुक्त टैक्स ऑडिट से सहारनपुर से एसआईबी गौतमबुद्धनगर भेजे गए हैं।

## गाजियाबाद के व्यापारी का बेटा लापता

**जेवर।** गाजियाबाद के नेहरू नगर के पत्थर व्यापारी का बेटा शशांक मंगलवार दोपहर से लापता है। उसकी बलेनो कार यमुना एक्सप्रेसवे पर ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक निजी यूनिवर्सिटी के सामने खड़ी मिली। व्यापारी रामप्रकाश गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को शशांक उन्हें गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक सोसाइटी के गेट पर छोड़कर गया था। वह मोबाइल की बैटरी ठीक कराने नोएडा जाने की बात कह कर निकला था। दो घंटे तक वापस न लौटने पर परिजनों ने फोन किया। शशांक के दोनों मोबाइल नंबर बंद मिले। कार में लगे जीपीएस से ट्रैक करने पर शाम करीब 3 बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर कार मिली। कार में चाबी नहीं थी, लेकिन दरवाजे खुले थे। पुलिस ने कार से शशांक के गले की टूटी हुई चैन और घड़ी बरामद की है। गाजियाबाद पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर परिजनों ने दनकौर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने लापता युवक की तलाश के लिए कई टीमें गठित की हैं। पुलिस यमुना और नोएडा एक्सप्रेसवे के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। 30 घंटे बीतने के बाद भी शशांक का कोई सुराग नहीं मिला है।

# ग्रेटर नोएडा में फ्लिपकार्ट डिलीवरी बॉय की हत्या

## अलीगढ़ के पिता और तीन बेटों समेत 5 लोगों पर केस, पुराना विवाद बना वजह

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के इकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र में एक फ्लिपकार्ट डिलीवरी बॉय की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान अलीगढ़ के बिसारा निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ विनय उर्फ टीटू के रूप में हुई है।
जितेंद्र का शव हल्दौनी गांव में उस्मान फार्म हाउस के पास स्थित उसके कमरे में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला



दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। मृतक के भाई रवि कुमार ने बताया कि घटना से एक रात पहले जितेंद्र ने उनसे फोन पर बात की थी। वह काफी डरा हुआ था और धमकियों की बात कर रहा था। रवि ने पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।
आरोपियों में तीन भाई जितेंद्र, मनोज, धर्मेंद्र और उनके पिता राजेंद्र सिंह के साथ मुबारक शामिल हैं। रवि के अनुसार वर्ष 2020 में भी इन्हीं लोगों ने जितेंद्र पर जानलेवा हमला किया था, जिसका मुकदमा अलीगढ़ के थाना गभाना में दर्ज है।
घटना की जानकारी 5 सितंबर की सुबह 5 बजे मकबूल अहमद के फोन से मिली। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव मिलने के समय एक अन्य युवक भी वहां रहता था, जो मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शार्ट न्यूज

### निक्की हत्याकांड : आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में निक्की भाटी हत्याकांड में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। लोअर कोर्ट ने निक्की के पति विपिन भाटी समेत सभी आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। निक्की की ओर से पैरवी कर रहे शिकायतकर्ता कंचन भाटी के अधिवक्ता दीपक ने कोर्ट में दलीलें पेश कीं। उन्होंने वकालतनामा दाखिल किया। कहा कि उनके पास पर्याप्त सबूत हैं, जो साबित करते हैं कि निक्की की हत्या जलाकर की गई। अधिवक्ता दीपक ने स्पष्ट किया कि वे किसी भी स्थिति में आरोपियों को जमानत नहीं मिलने देंगे। उन्होंने पुलिस की जांच पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि जांच में पूरा सहयोग मिल रहा है। जानकारी के अनुसार, आरोपी पक्ष अब सेशंस कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल करने की तैयारी कर रहा है।

### अवैध पिस्टल के साथ एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया



**ग्रेटर नोएडा।** थाना दादरी पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त विकास पुत्र रणवीर निवासी ग्राम चिटहैरा थाना दादरी गौतमबुद्धनगर को सीएचसी दादरी के मैन गेट से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक पिस्टल 32 बोर मय एक कारतूस जिन्दा बरामद किया है। अभियुक्त द्वारा वादी के घर में घुसकर वादी व वादी के भाई के साथ मारपीट कर पिस्टल की बट मार कर घायल कर दिया गया था। जिसके संबंध में थाना दादरी पर अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसमें अभियुक्त वांछित चल रहा था।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बढ़ी आय सीमा और आर्थिक सहायता

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**ग्रेटर नोएडा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी गौतमबुद्धनगर सतीश कुमार ने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत पात्रता हेतु निर्धारित आय सीमा में वृद्धि एवं देय धनराशि में वृद्धि करते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।उन्होंने बताया कि नवीन शासन के निर्देशों के क्रम में योजनान्तर्गत 60000 रुपये कन्या के खाते में एवं 25000 रुपये मूल्य की वैवाहिक उपहार सामग्री तथा 15000 रुपये कार्यक्रम के आयोजन पर प्रति जोडें की दर से कुल एक लाख रूपये मात्र की धनराशि व्यय किये जाने का प्राविधान किया गया है। उन्होंने योजनान्तर्गत पात्रता के संबंध में बताया कि कन्या/कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों एवं निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमंद हों। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा अधिकतम तीन लाख रुपये तक हो।

### दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 वर्ष की सजा

**ग्रेटर नोएडा ।** जिला न्यायालय ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले को गुरुवार को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इस मामले में सह आरोपी को बरी कर दिया। एडीजीसी क्राइम चवनपाल भाटी ने बताया कि सितंबर 2015 को एक 16 वर्षीय किशोरी दूध लेने बाजार गई थी और वापस नहीं लौटी। पीड़िता के भाई की शिकायत पर सेक्टर ईकोटेक तीन थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में आकाश और शैलेंद्र को आरोपी बनाया गया था। दोनों पर पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने और दुष्कर्म करने का आरोप लगा था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था।अदालत में केस की सुनवाई के दौरान आकाश कश्यप को धारा-376 और पॉक्सो अधिनियम की धारा-3/4 के तहत दोषी करार दिया गया।

# रिटायर्ड ऑफिसर से 8 दिन में 14 लाख की ठगी

## नोएडा में पहले ट्रेनिंग दी गई, टेलीग्राम ऐप से जोड़ा; मुनाफा का झांसा दिया

**नोएडा।** गवर्नमेंट रिटायर्ड अफसर को साइबर जालसाजों ने टेलीग्राम ऐप पर जोड़कर 14 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित को पहले फर्जी ट्रेनिंग दी गई, इसके बाद छोटे अमाउंट में रकम निवेश कराना शुरू किया। जालसाजों ने पीड़ित को झांसे में लेकर आरटीजीएस और यूपीआई से रकम ट्रांसफर कराई है।
उन्हें और रुपए निवेश कराने के लिए ठग राजी कर चुके थे लेकिन उनके बेटे को इस बारे में जानकारी हुई तो पिता को ठगों के जाल से छुड़ाया। इसके बाद



साइबर थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सेक्टर 36 निवासी गवर्नमेंट रिटायर्ड ऑफिसर ने बताया कि पिछले महीने 21 अगस्त को टेलीग्राम ऐप पर एक मैसेज आया और जिसमें घर बैठे रमक निवेश कर डबल मुनाफा होने की बात कही गई। पीड़ित को 2 दिन ठगों ने फर्जी ट्रेनिंग देकर झांसे में लिया, इसके बाद पहले यूपीआई के माध्यम से रुपए ट्रांसफर कराने शुरू कर दिए। उन्हें बताया गया कि आपके नाम से रजिस्ट्रेशन कर दिया गया है, रकम भेजने पर खाते में निवेश कर दिया जाएगा। पीड़ित 8 दिन में कुल 13 लाख 93 हजार 315 रुपए ठगों के खातों में भेजे हैं।

### बेटा ने पिता को रोका

पीड़िता का बड़ा बेटा बैंक में अधिकारी है। उन्होंने उत्साह में निवेश के बारे में बेटे को जानकारी दी, तो बेटा टेलीग्राम ऐप जाकर ठगों के ग्रुप को देखा, रुपए के बारे में पूछा। इसके बाद बेटे ने पिता को ठगों के जाल से छुड़ाया। उन्हें सिक्स स्वीग्स एक्सचेंज ग्रुप में जोड़कर घटना की गई है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में सारे खातों के बारे में जानकारी निकाल ली है। आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जेवर टोल प्लाजा पर किसान आंदोलन की नई तारीख

**जेवर।** भारतीय किसान यूनियन (महासभा) ने जेवर छोटे टोल को फ्री कराने के लिए प्रस्तावित आंदोलन की तारीख में बदलाव किया है। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा स्थित कैंप कार्यालय में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। संगठन के राष्टीय संरक्षक महेन्द्र फौजी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 12 सितंबर की बजाय 20 सितंबर 2025 से आंदोलन शुरू करने का फैसला किया गया।
यह निर्णय क्षेत्र में आई बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं के कारण लिया गया है। प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने प्रदर्शन की तारीख आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था।
किसान यूनियन ने कहा कि वह हमेशा जनता के साथ खड़ी रही है। संकट की इस घड़ी में भी वह जनहित में काम करेगी।
संगठन ने क्षेत्र के किसानों, मजदूरों और नागरिकों से 20 सितंबर को जेवर छोटे टोल पर पहुंचने की अपील की है। उनका कहना है कि जब तक टोल फ्री नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।

## पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया



**ग्रेटर नोएडा।** थाना ईकोटेक थ्री पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर एक वांछित अभियुक्त मुबारक पुत्र सज्जन खाँ निवासी ग्राम बिसारा थाना खैर अलीगढ़ को सूफियाना पार्क के पास से गिरफ्तार से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त मुबारक और मृतक जितेंद्र उर्फ विनय एक ही गांव के रहने वाले थे। जो थाना इकोटेक थ्री क्षेत्र के हल्द्वानी में एक ही कमरे में किराये पर रहकर डिलेवरी बॉय का कार्य करते थे। दोनों में खाना मंगानें को लेकर कहा-सुनी हुई और विवाद इतना बढ़ गया कि अभियुक्त मुबारक ने जितेन्द्र उपरोक्त की गला दबाकर हत्या कर दी। जिसके संबंध में थाना इकोटेक थ्री पर अभियोग पंजीकृत था। जिसमें अभियुक्त वांछित चल रहा था। गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## ग्रेटर नोएडा में छात्रा ने की आत्महत्या की कोशिश

**गौतम बुद्ध नगर।** नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र स्थित एक निजी इंस्टीट्यूट में एक पैरामेडिकल छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया। छात्रा कॉलेज की दूसरी मंजिल से कूदने की कोशिश कर रही थी। मौके पर मौजूद अन्य छात्रों की सूझबूझ से उसकी जान बच गई। छात्रों ने समय रहते उसे पकड़ लिया। सूत्रों के अनुसार छात्रा किसी बात को लेकर परेशान थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में दिख रहा है कि कैसे अन्य छात्रों ने तत्परता दिखाते हुए छात्रा को बचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और छात्रा के परेशान होने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# नोएडा में कार से दुकान और रिक्शा में लगी आग

## दो गाड़ियों की मदद से आग पर पाया काबू, शॉट सर्किट बताई गई वजह

**नोएडा।** सेक्टर-63 स्थित बहलोलपुर चौकी के निकट एक कार में आग लग गई। उसकी चपेट में आकर दो अस्थायी दुकान और रिक्शा भी जलकर राख हो गया। दमकलकर्मियों ने किसी तरह आग बुझाई।
पुलिस के मुताबिक, एक चोटपुर कॉलोनी में रहने वाला एक युवक टैक्सी में कार चलाता है। बुधवार रात करीब एक बजे वह कार लेकर चोटपुर कॉलोनी में आया था। कार को उसने सड़क किनारे खड़ा किया था। कार के निकट दो अस्थायी दुकान और रिक्शा खड़ा था। युवक कार को खड़ा करके कमरे पर सोने के लिए चला गया। कुछ ही देर बाद कार के इंजन से धुंआ निकलने लगा। देखते ही देखते आग



की लपटें उठने लगीं। रात अधिक होने के चलते स्थानीय लोगों को भी देर से आग लगने की जानकारी हुई।
जब तक दमकलकर्मी पहुंचते आग बेकाबू हो चुकी थी। आग की चपेट में आने से कार, दो अस्थायी दुकान और ई-रिक्शा लगभग पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो चुका था। दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि कार का इंजन गरम था। तभी उसकी वायरिंग में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई हो। घटना के संबंध में जांच की जा रही है।

# नोएडा में पकड़ी गई 50 लाख की प्रतिबंधित लकड़ी

## दो तस्कर किए गए गिरफ्तार, हरियाणा और दिल्ली की फैक्ट्री में करना था सप्लाई

**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस व सीआरटी व स्वाट-2 टीम ने प्रतिबंधित खैर लकड़ी की तस्करी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक ट्रक जिसमें करीब 50 लाख कीमत की 55 क्विंटल लकड़ी बरामद की है।
इनके नाम रविन्द्र और ताज खान को ककराला टी प्वाइंट के पास से गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक ट्रक भी बरामद किया गया है।
डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वे स्वयं ही केलों की फर्जी रसीद तैयार करते है।
राज्य के मधुबनी से एक ट्रक में केले



व केलों के पत्तों में प्रतिबंधित खैर लकड़ी को छिपाकर दिल्ली व हरियाणा राज्य में बेचने के लिए ले जाते थे। जबकि वन विभाग की अनुमति के बिना इस लकड़ी को काटा और परिवहन नहीं किया जा सकता है।
इस लकड़ी का प्रयोग कत्था बनाने में होता है। तस्करों ने बताया कि ये कुछ समय से ही तस्करी का काम कर रहे थे। बरामद की गई लकड़ी को दिल्ली व हरियाणा की फैक्ट्री में सप्लाई करना था। फैक्ट्रियों के नाम भी सामने आ गए है। जल्द ही वहां एक्शन लिया जाएगा।

### अन्य राज्यों को भेजी जानकारी

इन दोनों की जानकारी अन्य राज्यों में भेजी गई है। इनका रिकार्ड खंगाला जा सके। ये दोनों बिहार के मधुबनी से लकड़ी तस्करी करके लाते है। इसमें एक ट्रक ड्राइवर और दूसरा सप्लायर है।

# ग्रेटर नोएडा में किसानों को नहीं मिल रही सुविधाएं

## अस्पताल और स्कूलों में लीज डीड के तहत मिलनी चाहिए छूट, संगठन ने दी धरने की चेतावनी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने स्थानीय किसानों और गरीबों के लिए शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों में छूट की मांग की है। संगठन की कोर कमेटी के सदस्य बलराज हूंण के नेतृत्व में गुरुवार को प्राधिकरण के ओएसडी मुकेश कुमार को ज्ञापन सौंपा गया।
संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय और आलोक नागर ने बताया कि प्राधिकरण ने शहर के अधिकांश शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को रियायती दरों पर जमीन दी थी। लीज डीड में शर्त थी कि स्थानीय किसानों के बच्चों को शिक्षा में छूट दी जाएगी। गांव के गरीब बच्चों को



निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान है। अस्पतालों की लीज डीड में भी किसानों के इलाज में छूट का प्रावधान है। स्थानीय किसानों के लिए सुबह-शाम दो घंटे मुफ्त ओपीडी की सुविधा होनी चाहिए। गांवों के 10 प्रतिशत गरीब लोगों का मुफ्त इलाज और शहर के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 50 प्रतिशत छूट मिलनी चाहिए।
संगठन का आरोप है कि स्कूल-अस्पतालों की मनमानी और प्राधिकरण के लापरवाह रवैये के कारण लोगों को यह लाभ नहीं मिल रहा है। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल इन शर्तों को लागू नहीं किया गया तो वे अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

# किसानों की समस्याओं पर महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक केंद्रीय कृषि मंत्री से की मुलाकात

## बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज की केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट

**पीलीभीत।** बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री आदरणीय श्री शिवराज सिंह चौहान से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जनपद पीलीभीत के किसानों की वर्तमान स्थिति और भारी बारिश व बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान से मंत्री को अवगत कराया।



स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि बाढ़ और लगातार हो रही बारिश से किसान गहरे आर्थिक संकट में हैं। किसानों को स्थायी राहत दिलाने के लिए कृषि की उन्नत एवं आधुनिक तकनीक, जैविक खेती को बढ़ावा देने, फसलों की गुणवत्ता सुधारने और आधुनिक सिंचाई प्रणालियों की आवश्यकता है। इन विषयों पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री के साथ विस्तृत चर्चा की। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही संबंधित परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार कर केंद्र सरकार स्तर पर पहल की जाएगी। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज हाल के दिनों में बाढ़ से प्रभावित किसानों और गरीब परिवारों की मदद में लगातार जुटे हुए हैं। इससे पहले वे केंद्रीय मंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से भी मुलाकात कर किसानों की समस्याओं को सामने रख चुके हैं। बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक प्रवक्तानंद महाराज के इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहते हैं। क्षेत्रवासियों ने विश्वास जताया है कि उनकी समस्याओं का समाधान विधायक के प्रयासों से अवश्य होगा।

# कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, 3 की मौत

## दो चचेरे भाई और चाचा की मौत, सब्जी खरीदकर लौट रहे थे घर

**ललितपुर।** ललितपुर-महरौनी मार्ग पर ग्राम छिल्ला के पास गुरुवार शाम एक भीषण हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों और उनके चाचा की मौत हो गई।
सब्जी लेकर घर लौट रहे तीनों को एक तेज़ रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

### कैसे हुआ हादसा..

गुरुवार शाम करीब साढ़े 5 बजे बाइक से ग्राम सिलावन सब्जी लेने गए थे। लौटते समय जब वे ग्राम छिल्ला के ढाबा के पास पहुंचे, तभी ललितपुर से महरौनी की ओर जा रही तेज़ रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे कोतवाली महरौनी क्षेत्र के ग्राम अण्डेला निवासी लाखन उर्फ लख्खी (28) पुत्र बाबूलाल रजक, छोटू (28) पुत्र भूपत रजक, विद्रावन (32) पुत्र कोमल (चाचा) की मौत हो गई।

### इलाज के दौरान मौत

हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल महरौनी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत नाजुक देख छोटू और लख्खी को ललितपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं महरौनी में इलाज के दौरान चाचा विद्रावन ने भी दम तोड़ दिया।

# योग शिविर के मेधावियों को किया सम्मानित, लिटिल एंजेल्स स्कूल में सम्मान समारोह




पीलीभीत। लिटिल एंजेल्स स्कूल में आयोजित एक विशेष प्रात: सभा में भारतीय योग संस्थान, उत्तर प्रदेश पूर्वी प्रान्त के उप प्रधान एवं मुक्ति धाम, पीलीभीत के अध्यक्ष सीए संजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल के साथ योग शिविर के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। सम्मानित विद्यार्थियों का चयन हाल ही में विद्यालय में आयोजित योग शिविर में वृक्षासन प्रदर्शन के आधार पर किया गया था। कक्षा 6 से 8 तक के सात बच्चों ने तीन मिनट तक वृक्षासन कर अपनी दक्षता साबित की थी। सभा के दौरान सीए संजय अग्रवाल, संस्थान के जिला प्रधान सतीश शर्मा और चयनित बच्चे मंच पर वृक्षासन मुद्रा में खड़े होकर योगाभ्यास की महत्ता का संदेश देते दिखे।अपने विचार रखते हुए सीए संजय अग्रवाल ने भारत की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर 2047 तक एक स्वस्थ और धनवान युवा भारत की परिकल्पना साझा की। उन्होंने कहा कि आज का 10 से 15 वर्ष का बालक आने वाले 22 वर्षों में देश की बागडोर संभालने वाला युवा बनेगा। यदि अभिभावकों की सहमति से बच्चों को योजनाबद्ध ढंग से अनुशासित जीवनशैली और योग का अभ्यास कराया जाए तो भारत वर्ष 2047 तक खुशहाल सूचकांक में शीर्ष स्थान प्राप्त कर सकता है।उन्होंने बताया कि वे पिछले 40 वर्षों से सीए की प्रैक्टिस, 30 वर्षों से योग साधना और 20 वर्षों से निवेश सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं।

# गोरखपुर में आज को होगी बिजली कटौती

**गोरखपुर।** गोरखपुर में शुक्रवार को कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। रोड चौड़ीकरण, लाइन शिफ्टिंग, जर्जर पोल बदलने और तार मरम्मत जैसे कार्यों के लिए विद्युत विभाग ने अलग-अलग उपकेंद्रों से जुड़े इलाकों में आपूर्ति रोकने का शेड्यूल जारी किया है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे पहले से पानी और अन्य जरूरी कार्यों की व्यवस्था कर लें। खोराबार उपकेंद्र के 11 केवी सूबा बाजार फीडर, लालडिग्गी उपकेंद्र के 11 केवी मुंडेरीचक फीडर और सूरजकुंड उपकेंद्र के 11 केवी तिवारीपुर फीडर से जुड़े इलाकों में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक सप्लाई बंद रहेगी। अधिकारियों के अनुसार रोड चौड़ीकरण और लाइन शिफ्टिंग कार्य के लिए यह व्यवस्था की गई है। आदित्यपुरी इलाके में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यहां जर्जर पोल और 11 केवी तार को बदलने का काम होगा। विभाग का कहना है कि इन कार्यों के बाद आपूर्ति अधिक सुरक्षित और स्थिर होगी।

# आज का मॉनिटर, कल का पथ प्रदर्शक एक विशेष कार्यक्रम हुआ आयोजित

## इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में बच्चों ने ली जिम्मेदारी निभाने की शपथ

**पीलीभीत।** इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में गुरुवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में कक्षा मॉनिटर का चयन संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अनुशासन, जिम्मेदारी और सहयोग की भावना को आत्मसात करने के लिए मॉनिटर पद की शपथ ली। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और बच्चों के चेहरों पर नई जिम्मेदारी का आत्मविश्वास झलकता दिखाई दिया। प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान ने बच्चों को शपथ दिलाते हुए कहा कि जीवन के शुरुआती दौर से ही अनुशासन, संयम और जिम्मेदारी का भाव व्यक्ति को सच्चे नेतृत्व की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि आज का मॉनिटर कल का पथ प्रदर्शक होगा। अत: सभी विद्यार्थी मन लगाकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और दूसरों के लिए प्रेरणा बनें।
चयन प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न कक्षाओं से छात्र-छात्राओं का चुनाव हुआ। इनमें कक्षा 12 से जईमा खान और दानिया, कक्षा 11 से उमरा और हानिया उस्मानी, कक्षा 10 से सायरा और ताविंदा, कक्षा 9 से मुंतहा शमसी और बुशरा उस्मानी, कक्षा 8 से अलैना और शिफा, कक्षा 7 से शगुफ्ता इकरा, कक्षा 6 से मुबश्शिरा और आरशान, कक्षा 5 से अदीबा और अताउल, कक्षा 4 से इकरा और हम्दा, कक्षा 3 से आदिना, कक्षा 2 से सुबही रमजा तथा कक्षा 1 से अजलान और साजिद शामिल रहे। सभी ने मंच पर आकर शपथ ग्रहण की और अपने दायित्व को ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक इकबाल हसन खां, प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान के अलावा वसीमुद्दीन खान, अफसर अहमद, नज़ीर हुसैन, रजनी सक्सेना, मधु सक्सेना, मेहविश खान, जेब खान, ए.के. खान और श्रीमती आरिफा तस्नीम सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# एसडीएम सदर, प्रशासक व नपा ईओ ने वार्डों का निरीक्षण किया

**ललितपुर।** उप जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार व अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा टीम के साथ वार्ड नंबर 08 मोहल्ला जुगपुरा का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान प्रशासक द्वारा पाई गई कमियों को दूर कराये जाने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिये गये। वार्ड नंबर 08 के निरीक्षण के दौरान प्रशासक महोदय द्वारा वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था एवं वार्ड में खराब पड़ी स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रशासक द्वारा वार्ड में स्थित शमशान घाट का निरीक्षण किया गया, घास व झाडिया पायें जाने पर संबंधित स्वास्थ्य नायक को हटाये जाने हेतु निर्देश दिये गये। इसके उपरांत प्रशासक द्वारा वार्ड में स्थित शौचालय का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान शौचालय में पानी की मोटर नहीं पाई गई व जीर्णशीर्ण हालत में पाया गया, जिसमें उन्होंने संबंधित अधिकारी को शौचालय की मरम्मत कराये जाने एवं पानी की मोटर डलवाये जाने हेतु निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान मोहल्लेवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि वार्ड की अनेक गलियां ऐसी है जहां पर जल निगम द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन के लिए खोदे गये गड्ढों के चलते मोहल्लेवासी काफी परेशान हैं जल निगम द्वारा खोदे गड्ढों को ऐसा ही छोड़ दिया गया है, जिस पर प्रशासक महोदय द्वारा अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये गये कि जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए खोदे गये गड् ?ढों को भरवाये जाने एवं जहां पाईप लाइन नहीं डाली गई है उक्त गलियों में तत्काल पाइप लाइन डालकर समस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त कराई जाये। इसके उपरांत प्रशासक द्वारा वार्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया, अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका को चैक किया गया, वहीं छात्रों से शैक्षिक स्तर के बारे में जानकारी ली गई, इस दौरान वार्ड पार्षद उदयप्रताप द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय की दीवार पर एक युवक द्वारा दीवाल रखकर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिस पर उन्होंने तत्काल निर्देशित किया गया उक्त अतिक्रमण को हटाया जाये। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद उदयप्रताप सिंह, पार्षद प्रतिनिधि मोहल्ला रामनगर अमरदीप रजक, प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, नजूल लिपिक सुधीर रावत, स्वास्थ्य नायक सहित पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।




# प्रयागराज में दरोगा और वकील के बीच हुई हाथापाई

**प्रयागराज।** प्रयागराज के हंडिया तहसील में गुरुवार को पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच विवाद हुआ। हंडिया चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर गौरव तिवारी पर अधिवक्ता बबलू मिश्रा के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार का आरोप है। यह घटना सुबह करीब 10: 30 बजे की है। पूर्व जॉइंट सेक्रेटरी बार एसोसिएशन बलराम यादव और अधिवक्ता बबलू मिश्रा तहसील जा रहे थे। इस दौरान चौकी इंचार्ज ने उनकी गाड़ी रोकी। आरोप है कि सब इंस्पेक्टर ने मोबाइल से अधिवक्ता बबलू मिश्रा की कनपटी पर वार किया। साथ ही उनका कॉलर पकड़कर घसीटा और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। इस घटना के विरोध में अधिवक्ता मौके पर धरने पर बैठ गए। कुछ ही देर में सैकड़ों वकील वहां इकट्ठा हो गए। वकीलों के विरोध को देखते हुए अधिकारियों ने सब इंस्पेक्टर को मौके से हटा दिया। एसीपी ने शाम तक निलंबन की कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर आरोपी दरोगा को निलंबित नहीं किया गया तो शुक्रवार से तहसील का गेट बंद कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। बलराम यादव ने कहा कि प्रशासन बेलगाम है और अवैध वसूली की जाती है। उन्होंने कहा कि वे अपने मान-सम्मान की लड़ाई में पीछे नहीं हटेंगे। इस संबंध में चौकी इंचार्ज गौरव तिवारी ने बताया कि मेरे द्वारा अधिवक्ता से कोई बदसलूकी नहीं की गई, सभी आरोप निराधार है।

# गाज़ीपुर में बवाल : पुलिस ने की लाठीचार्ज जोखू उपाध्याय की मौत

हरिनारायण यादव विशाल इंडिया

**गाजीपुर।** नोनहरा थाने के सामने मंगलवार की शाम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी वेंकटेश तिवारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था आरोप है कि प्रभारी न तो जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और ऊपर से अभद्र व्यवहार कर भ्रष्टाचार व मनमानी पर उतारू हैं। इसी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाना गेट पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था जिसको लेकर पुलिस ने लाईट बंद कर के धरना-प्रदर्शन कर रहे भाजपाइयों को खुब पीटा और उसी दौरान भाजपा का कार्यकता धरना का नेतृत्व भाजपा नेता राजेश राय बागी, छात्र नेता धन्नजय प्रधान और मंडल अध्यक्ष सुरेश गिरी कर रहे थे। धरना का मुख्य कारण गठिया गांव में बिजली विभाग द्वारा सड़क किनारे बिना किसी समन्वय के खंभे गाड़ना रहा। ग्रामीणों ने इस कार्रवाई को तानाशाही बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया।

### पुलिस का लाठीचार्ज, सोशल मीडिया पर वायरल

रात होते-होते हालात बेकाबू हो गए और पुलिस ने अचानक कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कर दिया। अफरा-तफरी के बीच लोग इधर-उधर भागने लगे। लाठीचार्ज का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था जिसमें पुलिस को डंडे बरसाते और ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं को बचते-दौड़ते साफ देखा जा सकता है। उसी दौरान जोखू उपाध्याय की पुलिस की लाठी से मौत हो गई जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक ने कहा की दोषियों के खिलाफ जांचों उपरांत कारवाई की जाएगी, इसी को लेकर पुलिस अधीक्षक ने थाना नोनहरा से सम्बंधित प्रकरण में कुल 11 पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई । जिसमें प्रभारी निरीक्षक नोनहरा सहित 01 उप निरीक्षक,01 मुख्य आरक्षी व 03 आरक्षियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया व 05 अन्य पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है ।

# सहारनपुर में सड़क पार कर रहे रेहड़ा चालक की मौत

**सहारनपुर।** सहारनपुर के नानौता नगर में गुरुवार को एक दुखद सड़क हादसे में रेहड़ा चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहल्ला शेखजादगान निवासी इरफान (पुत्र अनवर कुरैशी) के रूप में हुई। इरफान दो साथियों के साथ पुराने सामान की खरीद के लिए निकले थे। वे देवबंद रोड स्थित चीनी मिल से सामान लेकर लौट रहे थे। उन्होंने रेहड़ा सड़क किनारे खड़ा किया। बीड़ी लेने के लिए सड़क पार करते समय नानौता की ओर से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल इरफान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानौता पहुंचाया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी के अनुसार बाइक सवार की तलाश जारी है। मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। स्थानीय लोगों ने देवबंद रोड पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन से दो मांगें की हैं।

# बर्थडोज वैक्सीनेशन को यूविन पोर्टल पर अपडेट किये जाने का दिया प्रशिक्षण

**ललितपुर।** सी.एम.ओ कार्यालय सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर डॉ0 इम्तियाज अहमद की अध्यक्षता मे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत ललितपुर जनपद की समस्त राजकीय प्रसव इकाइयो पर जन्मे बच्चो के बर्थडोज वैक्सीनेशन को यूविन पोर्टल पर अपडेट किये जाने हेतु स्टाफ नर्सो के रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।
प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि सभी प्रसव केन्द्रो पर जन्म के तुरन्त बाद बर्थडोज टीकाकरण किया जाना एवं टीकाकरण उपरान्त यूविन पोर्टल पर एन्ट्री करना अत्यन्त आवश्यक है।
उन्होने सभी से टीकाकरण सारणी के अनुसार समय से टीके लगवाने की अपील की।
जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 शिवप्रकाश ने यूविन पोर्टल पर एन्ट्री करने के बारे मे विस्तृत जानकारी दी।



उन्होने बताया कि टीकाकरण कई जानलेवा बीमारियो से बचाता है। उन्होने बताया कि दिनांक 11 सितम्बर को ब्लॉक बार,बिरधा, जखौरा, महरौनी,एवं दिनांक 12 सितम्बर को तालबेहट, मडावरा, नेहरूनगर, गोविन्द नगर एवं जिला चिकित्सालय ललितपुर की स्टाफ नर्सो का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।
पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ0 सौरभ सक्सेना ने राष्ट्रीय टीकाकरण सारणी के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि इस प्रशिक्षण से टीकाकरण के रिकॉर्ड को डिजिटलाइज करने मदद मिलेगी। मण्डलीय यूविन कॉर्डीनेटर शिवेन्द्र एव वी.सी.सी.एम यू.एन.डी.पी कहकशा सिद्दीकी ने पावर पॉइन्ट प्रिजेन्टेशन के माध्यम से यूविन पोर्टल पर एन्ट्री का प्रदर्शन किया।
बैठक के दौरान डिप्टी सी.एम.ओ डॉ0 प्रदीप सिह यादव, डी.एम.सी.यूनिसेफ सवा परवीन, सी.एम.ओ कार्यालय का स्टाफ एवं विभिन्न ब्लॉको से आई स्टाफ नर्स आदि मौजूद रहे।

# शार्ट न्यूज

## दुष्कर्म मामले का वांछित गिरफ्तार



**ललितपुर।** नाराहट पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में थाना नाराहट पुलिस द्वारा थाना नाराहट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 140/2025 धारा 351(3)/64(1)/123 बीएनएस व 67 आई0टी0 एक्ट के वांछित अभियुक्त अजय प्रताप उर्फ रितिकपुत्र रघुराज सिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम गुरयाना थाना नाराहट ललितपुर को ग्राम डोंगरा खुर्द थाना नाराहट जनपद ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कराया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम ? प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बैस हे. का. योगेश प्रताप सिंह हे.का. प्रवेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

## दुष्कर्म के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया




**ललितपुर।** जाखलौन पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित आरोपी राजाबाबू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सादर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जाखलौन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 146/25 धारा 65(1)/352/351(3)/127(2) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त राजाबाबू पुत्र प्रकाश अहिरवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम जीरोन थाना जाखलौन ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह का. प्रशान्त शुक्ला का. सौरभ कुमार आदि शामिल रहे।

## महावन में नहर से मिला अज्ञात शव

**मथुरा।** मथुरा के महावन थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब सीसीएल मेडिकल कॉलेज अड्डा कारब के पास गंग नहर में एक अज्ञात युवक का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। राहगीरों ने शव देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में 112 पीआरवी और थाना प्रभारी सुधीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला गया। मृतक युवक की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। शव नग्न अवस्था में था और काफी हद तक क्षत-विक्षत हो चुका था। पुलिस का अनुमान है कि शव कई दिन पुराना है और नहर में बहते हुए इस स्थान तक पहुंचा है। शव की स्थिति देखकर क्षेत्रीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पुलिस ने मौके पर ही पंचनामा की कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। वहीं, युवक की पहचान के लिए पुलिस आसपास के थानों और इलाकों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों की जांच कर रही है।

## सड़क पार करते समय महिला की मौत

**मथुरा।** मथुरा के थाना हाईवे क्षेत्र के सौंख रोड पर मंगलवार सुबह एक सड़क हादसा हुआ। बैकुंठ विहार कॉलोनी की 54 वर्षीय सुशीला मजदूरी के लिए जा रही थीं। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। थाना हाईवे पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने सुशीला को मृत घोषित कर दिया। मृतका के बेटे उमेश को घटना की जानकारी कई घंटे बाद मिली। देर तक खोजबीन के बाद पुलिस से सूचना मिलने पर वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। उन्होंने शव की पहचान अपनी मां के रूप में की। थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रार्थना पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान कर उसे बरामद करने का प्रयास कर रही है।

## बच्चा बदलने पर निजी अस्पताल में हंगामा

**सहारनपुर।** सहारनपुर के थाना जनकपुरी क्षेत्र में अस्पताल पुल के नीचे स्थित किरण हेल्थ केयर अस्पताल में बुधवार देर रात बच्चा बदलने के आरोप को लेकर जमकर हंगामा हुआ। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद लड़के का जन्म हुआ, लेकिन अस्पताल ने उन्हें लड़की पकड़ा दी। जबकि अस्पताल प्रबंधन ने इस आरोप को बेबुनियाद बताया। मामले ने इतना तूल पकड़ा कि नौबत अस्पताल परिसर में मारपीट तक पहुंच गई। देखते ही देखते अस्पताल के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थिति बिगड़ने पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल प्रबंधन और परिजनों दोनों पक्षों से बात कर मामला शांत कराने का प्रयास किया। वहीं, भीम आर्मी के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और अस्पताल के बाहर धरने पर बैठ गए। देर रात तक अस्पताल में हंगामे का माहौल बना रहा।

## मुजफ्फरनगर के एसडीएम जयेंद्र सिंह सस्पेंड

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर की जानसठ तहसील में 750 बीघा सरकारी जमीन के घोटाले में एसडीएम जयेंद्र सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। यह कार्रवाई डेरावाल कॉर्पोरेटिव फार्मिंग सोसाइटी की जमीन को रातों-रात निजी नामों में दर्ज करने के मामले में की गई है। मामला गांव इसहाकवाला की सरकारी जमीन से जुड़ा है। यहां 1962 में डेरावाल कॉर्पोरेटिव फार्मिंग सोसाइटी की स्थापना की गई थी। सोसाइटी के पास कुल 743 हेक्टेयर जमीन थी। इस जमीन को लेकर सोसाइटी के सदस्य जीवन दास के बेटे गुलशन और हरबंस के पोते के बीच विवाद चल रहा था। वर्ष 2018 में तहसील प्रशासन ने हाई कोर्ट को बताया था कि हरबंस का इस जमीन से कोई संबंध नहीं है। फिर भी मार्च 2024 में एसडीएम पद पर तैनात हुए जयेंद्र सिंह ने मामले की सुनवाई शुरू की। 19 जुलाई 2025 को उन्होंने आदेश जारी कर 600 बीघा सोसाइटी की और 150 बीघा सरकारी जमीन हरबंस के नाम से किसान के नाम कर दी।

## नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार

**अयोध्या।** अयोध्या के मवई थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वितीय ने बृहस्पतिवार को फैसला सुनाया। दोषी मनोज कुमार को कुल 16 साल के कठोर कारावास और 53 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। घटना 22 अक्टूबर 2020 की है। पीड़िता की मां ने न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय की अदालत में बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी दोपहर में नित्यक्रिया के लिए गई थी। वहां मनोज कुमार ने उसका हाथ पकड़कर खींच लिया। विरोध करने पर उसने मारपीट की और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अदालत में बताया कि उसने घटना की जानकारी मनोज की बहन को दी। बहन ने लोकलाज का भय दिखाकर शिकायत करने से रोक दिया। तीन माह बाद पेट में दर्द होने पर जांच में गर्भवती होने का पता चला।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वी कांगो में इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोहियों ने 60 लोगों का कत्ल किया

**लुबेरो , एजेंसी।** पूर्वी कांगो में मंगलवार रात को इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोही समूह एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स (ADF) ने हमला किया, जिसमें कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई। यह हमला उस समय हुआ जब लोग एक अंतिम संस्कार में इकट्ठा हुए थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने मीडिया को बताया, लगभग 10 हमलावर थे। उनके पास माचेट (बड़ा चाकू) थे। उन्होंने लोगों को एक जगह इकट्ठा होने को कहा और फिर उन्हें मारना शुरू कर दिया। मैंने लोगों को चीखते सुना और बेहोश हो गई। लुबेरो क्षेत्र के प्रशासक कर्नल एलन किवेवा ने बताया कि मरने वालों की संख्या 60 के आसपास है, लेकिन अंतिम आंकड़ा अभी साफ नहीं है। उन्होंने कहा, हमने क्षेत्र में सेवाएं भेजी हैं ताकि लोगों की गिनती की जा सके। मंगलवार को ही बेनी क्षेत्र में एडीएफ ने एक और हमला किया था, जिसमें 18 लोग मारे गए थे। कांगो–युगांडा सीमा पर सक्रिय एडीएफ ने 2019 में इस्लामिक स्टेट के प्रति निष्ठा जताई थी। कांगो और युगांडा की कार्रवाइयों के बावजूद यह समूह नागरिकों पर हमले कर रहा है। जुलाई में इतुरी प्रांत में एडीएफ ने दो बड़े हमले किए थे, जिनमें 34 और 66 लोग मारे गए थे। क्षेत्र में कई समूह सक्रिय हैं, जिनमें रवांडा समर्थित एम23 विद्रोही और कांगो सरकार के बीच बड़ा संघर्ष शामिल है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार आयुक्त वोल्कर तुर्क ने कहा कि सुरक्षा की कमी का फायदा उठाकर एडीएफ हमले कर रहा है। स्थानीय लोग डर और अनिश्चितता में जी रहे हैं, और स्थिति लगातार बिगड़ रही है।

### अमेरिकी वित्त मंत्री ने कहा–रूस के खिलाफ कड़े कदम उठाने को तैयार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने मंगलवार को यूरोपीय देशों के साथ बातचीत में रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए रूस के खिलाफ कड़े कदम उठाने को तैयार है। बेसेंट ने कहा कि रूस पर प्रतिबंध तभी सफल होगा, जब यूरोपीय देश अमेरिका का साथ देंगे। बेसेंट ने यूरोपीय देशों के दूत को राष्ट्रपति ट्रम्प की रणनीति के बार में बताया।

### जापान में नए पीएम का चुनाव 4 अक्तूबर को

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) चार अक्तूबर को निवर्तमान प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की जगह नए नेता का चुनाव करेगी। यह चुनाव एक सरलीकृत मतदान प्रक्रिया के बजाय औपचारिक प्रतियोगिता के बाद होगा। एलडीपी के एक वरिष्ठ सांसद ने कहा कि वित्त विशेषज्ञ व दक्षिणपंथी साने ताकाइची ने चुनाव लड़ने का फैसला किया है। दूसरी तरफ, कृषि मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने भी ताल ठोंकी है। वह पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइजुमी के पुत्र हैं। इनके अलावा तीन और प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन औपचारिक रूप से दावेदारी फिलहाल किसी ने भी नहीं पेश की है। प्रतियोगिता के पहले दौर में डाइट में प्रत्येक एलडीपी सांसद एक वोट डालता है और पार्टी के सभी सदस्यों की पसंद को डाइट सदस्यों के वोटों के बराबर अनुपात में विभाजित किया जाता है ताकि परिणाम पार्टी सदस्यों के व्यापक विचारों को प्रतिबिंबित करे। ताकाइची और कोइजुमी सितंबर 2024 में नेतृत्व की दौड़ में भाग ले चुके हैं और क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे थे। इसमें इशिबा ने जीत हासिल की थी। सरकार के शीर्ष प्रवक्ता के एक करीबी सूत्र के अनुसार, अन्य संभावित उम्मीदवारों में पूर्व विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी और मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी भी शामिल हैं।

### बांग्लादेश ने भारत को 1,200 टन हिल्सा के निर्यात की दी अनुमति

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश ने दुर्गा पूजा से पहले भारत को 1,200 टन हिल्सा मछली के निर्यात की अनुमति देने का फैसला किया है। बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार देर रात एक अधिसूचना में कहा, सरकार ने चालू वर्ष में भारत को 1,200 मीट्रिक टन हिल्सा सशर्त निर्यात करने का नीतिगत निर्णय लिया है। इच्छुक निर्यातकों से 11 सितंबर शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। सरकार ने प्रति किलोग्राम हिल्सा का न्यूनतम निर्यात मूल्य 12.50 अमेरिकी डॉलर निर्धारित किया है।

### भारतवंशी तेजस्वी को टाइम मैग्जीन का किड ऑफ द ईयर अवार्ड

टेक्सास, एजेंसी। भारतवंशी तेजस्वी मनोज को टाइम मैग्जीन के किड ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए चुना गया गया है। 17 वर्षीय तेजस्वी वृद्धों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने और उसकी रिपोर्ट करने में मदद करने का काम करती हैं। टेक्सास के फ्रिस्को की तेजस्वी को उनके नवाचार शील्ड सीनियर्स के लिए प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। टाइम ने कहा, बुजुर्ग अमेरिकियों को सुरक्षा की जरूरत है।

# भूकंप से उठी चिंगारी कैसे बन गई ज्वाला? नेपाल में जेन जेड के लीडर की अद्भुत कहानी

**काठमांडु, एजेंसी।** नेपाल में जेन जेड आज भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, बेरोजगारी और सोशल मीडिया प्रतिबंध के खिलाफ सड़कों पर है। इस आंदोलन की जड़ें एक दशक पहले आई उस त्रासदी से जुड़ी हैं, जिसने हिमालयी राष्ट्र को हिलाकर रख दिया था। वह था 2015 का विनाशकारी भूकंप। इस भूकंप ने न केवल घरों और जिंदगियों को तोड़ा, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति को भी गढ़ा, जो आज जेन जेड के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक है- सुदन गुरुंग।

**भूकंप ने बदली जिंदगी :** रिपोर्ट के मुताबिक, 38 वर्षीय सुदन गुरुंग कभी थमेल के नाइटलाइफ और पार्टी सर्किट का जाना-माना चेहरा थे। वे थमेल की पार्टी सर्किट में डीजे सेट्स और क्लब आयोजनों से जुड़े थे लेकिन उनका जीवन 2015 के भूकंप के बाद पूरी तरह बदल गया। गुरुंग ने उस समय कहा था, मेरी बाहों में एक बच्चे ने दम तोड़ा। मैं उस पल को कभी नहीं भूल सकता। इसी असहायता से जन्म हुआ हामी नेपाल का। यह एक स्वयंसेवी संगठन है जो चावल की बोरियों के दान से शुरू हुआ और धीरे-धीरे संगठित रूप लेने लगा। एक दशक बाद, यही संगठन नेपाल के जेन जेड की पहचान बन चुका है।

**पार्टी से समाज सेवा तक :** भूकंप से पहले गुरुंग का जीवन क्लब, डीजे सेट और इवेंट्स के इर्द-गिर्द घूमता था। नेपाली रॉक सिंगर-सॉन्गराइटर और अभया एंड द स्टीम इंजन्स बैंड की फ्रंटवुमन अभया





सुब्बा ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, नाइटलाइफ में उनकी पृष्ठभूमि ने उन्हें लोगों की नब्ज पढ़ने की कला सिखाई थी। अब वे इस कौशल का उपयोग युवा स्वयंसेवकों को एकजुट करने में करते हैं। 25 अप्रैल 2015 को आए भूकंप के तुरंत बाद, गुरुंग ने सोशल मीडिया पर मदद की गुहार लगाई। इसके जवाब में करीब 200 स्वयंसेवक जुट गए। उन्होंने गांवों में चावल पहुंचाया, स्कूलों में तंबू लगाए, और उधार की मोटरसाइकिलों पर घायलों को अस्पतालों तक ले गए। इस अस्थायी नेटवर्क ने हामी नेपाल (हम नेपाल हैं) का रूप लिया, जो 2020 तक 1,600 से अधिक सदस्यों वाला एक पंजीकृत एनजीओ बन चुका था।

**अनुशासित और केंद्रित नेतृत्व :** प्रसिद्ध नेत्र सर्जन और हामी नेपाल के मेंटर डॉ. संदूक रुइत कहते हैं, सूदन गुरुंग एक असामान्य रूप से अनुशासित ग्रासरूट लीडर हैं। उनकी ताकत बयानबाजी में नहीं, बल्कि लॉजिस्टिक्स पर ध्यान देने में है, यही कारण है कि युवा उन पर भरोसा करते हैं। सोशल मीडिया बैन और जेन जेड का विद्रोह हाल के आंदोलनों ने हामी नेपाल की इस विरासत को एक राजनीतिक आंदोलन में बदल दिया। जब नेपाल सरकार ने 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाया, तो जेन जेड को लगा कि उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। गुरुंग ने स्कूल यूनिफॉर्म और किताबें हाथ में लेकर सड़कों पर उतरने का आह्वान किया। प्रदर्शनकारियों ने एक अनोखा प्रतीक चुना- जापानी एनीमे वन पीस का स्ट्रॉ हैट जॉली रोजर झंडा उठाया। यह इस एनीमे के कैरेक्टर मंकी डी. लफी की पहचान है।

## तुम्हें मुक्का मारूंगा: डिनर पार्टी में ट्रंप के अफसरों में तू-तू, मैं-मैं, क्यों भिड़े बेसेंट और पुल्टे ?

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासनिक अफसर आपस में ही भिड़ रहे हैं। ट्रंप की सलाहकार शाखा के दो अफसर हाल ही में एक डिनर पार्टी में उलझ गए। दोनों के बीच बात यहां तक बढ़ गई कि एक ने दूसरे को मुक्का मारने की धमकी दे डाली। बाद में पार्टी में मौजूद अन्य लोगों ने दोनों को समझाकर शांत कराया। इसे लेकर डिनर पार्टी और अमेरिकी राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चा रही। वाकया तीन अगस्त 2025 का है। वॉशिंगटन डीसी के जॉर्जटाउन में एक क्लब में ट्रंप प्रशासन के अधिकारी पॉडकास्टर चमथ पालीहापितिया की बर्थडे पार्टी में पहुंचे थे। इस पार्टी में ट्रंप के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और आवास वित्त प्रमुख बिल पुल्टे भी थे। पार्टी के दौरान जैसे ही कॉकटेल शुरू हुआ तो बेसेंट ने पुल्टे के खिलाफ अपशब्द बोलने शुरू कर दिए। बेसेंट से किसी ने कहा कि पुल्टे ट्रंप के सामने उनके बारे में बुरा-भला कह रहे हैं।

बेसेंट ने पुल्टे से गुस्से में पूछा कि तुम राष्ट्रपति से मेरे बारे में क्यों बात कर रहे हो? मैं तुम्हारे चेहरे पर मुक्का मार दूंगा। दोनों अफसरों के बीच तू-तू, मैं-मैं होते देख क्लब के सह मालिक ओमीद मलिक पहुंच गए। बेसेंट ने चिल्लाकर मलिक से



कहा कि पुल्टे को क्लब से बाहर निकालो। या तो मैं यहां रहूंगा या फिर ये रहेगा। मुझे बताओ कौन यहां से बाहर जा रहा है?

इस पर पुल्टे ने पूछा कि किसलिए बाहर जाना है? क्या बात करने के लिए? इस पर बेसेंट ने अपशब्द कहे और कहा कि नहीं। विवाद बढ़ता देख क्लब के सह मालिक मलिक ने दोनों को अलग किया और बेसेंट को क्लब के दूसरे हिस्से में ले गए। डिनर के दौरान भी दोनों को टेबल के अलग-अलग छोर पर बिठाया गया। इस वाकये को लेकर पार्टी में चर्चा का आलम रहा। पार्टी में परिवहन मंत्री सीन डफी, वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक, आंतरिक सचिव डग बर्गम, कृषि सचिव ब्रुक रोलिंस, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड, एसबीए प्रशासक केली लोफ्लर, मेडिकेड प्रमुख मेहमत ओज और उद्यमी डेविड सैक्स शामिल थे।

## फ्रांस में 9 मस्जिदों के बाहर मिले सूअरों के सिर, 5 पर लिखा राष्ट्रपति का नाम

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस में जारी राजनीतिक गतिरोध के बीच मंगलवार को राजधानी पेरिस और आसपास की नौ मस्जिदों के बाहर सूअरों के कटे सिर मिलने से वहां हड़कंप मच गया है। इनमें से पांच पर फ्रेंच राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नाम लिखे हुए थे। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस घटना के पीछे किसका हाथ है लेकिन फ्रांसीसी अधिकारियों ने देश के मुस्लिम समुदाय को पूरी सुरक्षा देने का आश्वासन दिया है। फ्रांस में यूरोप की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है, जिसकी संख्या 60 लाख से ज़्यादा है। इस्लाम में सूअर का मांस खाना वर्जित है। हाल के दिनों में फ्रांस में मुस्लिम विरोधी माहौल तेजी से पसरा है।

इस घटना पर वहां के गृह मंत्री ब्रूनो रिटेलेउ ने कहा, मैं चाहता हूँ कि हमारे मुस्लिम देशवासी शांति से अपने धर्म का पालन करें। इस बीच, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उन्हें विभाजित संसद में आम सहमति बनाने और 2026 का बजट पारित कराने का चुनौतीपूर्ण कार्य सौंपा है। दूसरी तरफ पेरिस पुलिस के प्रमुख लॉरेंट नुनेज़ ने कहा कि यह घटना फ्रांस को अस्थिर करने की विदेशी साजिश हो सकती है और इसमें विदेशी हस्तक्षेप की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि देश फिलहाल वित्तीय और राजनीतिक संकट से जूझ रहा है। उन्होंने कहा, हम पिछली कार्रवाइयों से तुलना करने से नहीं बच सकते, जो अक्सर रात में होती थीं और विदेशी हस्तक्षेप साबित हुई थीं। हालांकि उन्होंने किसी देश का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया लेकिन उनका इशारा रूस की तरफ था, जो पहले भी फ्रांस में अस्थिरता फैलाने की कोशिश कर चुका है। मई में यहूदी प्रार्थना स्थलों और एक नरसंहार स्मारक को हरे रंग से रंगने के बाद, विदेशी शक्ति से संबंध रखने के आरोप में तीन सर्बियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने कहा कि पेरिस की मस्जिदों के बाहर चार और राजधानी के बाहरी इलाके की मस्जिदों में सूअरों के पाँच सिर मिले हैं।

## इजराइल का कतर की राजधानी दोहा पर हमला: हमास लीडर बाल-बाल बचे, 6 अन्य की मौत

**दोहा, एजेंसी।** कतर की राजधानी दोहा में मंगलवार को कई जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इजराइली सेना ने ऐलान किया कि उसने हमास के सीनियर नेताओं को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। ये हमला हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में अल-हय्या बच गया, जबकि 6 अन्य लोगों की मौत हो गई। इस बीच इजराइली पीएम नेतन्याहू ने भी कहा कि इजराइल इस हमले की 'पूरी जिम्मेदारी' लेता है। जब यह हमला तब हुआ जब हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। इजराइली सेना और सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि यह हमला बेहद सटीक तरीके से उन हमास नेताओं पर किया गया, जो संगठन की गतिविधियों को लंबे समय से चला रहे थे। एसोसिएटेड



प्रेस से बात करते हुए एक इजराइली अधिकारी ने पुष्टि की कि यह हमला कतर की राजधानी दोहा में हुआ। सेना के मुताबिक ये हमास लीडर 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमले के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार थे।

**कतर में हमास नेताओं का ठिकाना :** यह हमला ऐसे समय हुआ है जब इजराइली सेना के जनरल स्टाफ प्रमुख इयाल जमीर ने हाल ही में कहा था कि विदेशों में मौजूद हमास नेताओं को भी निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने 31 अगस्त को कहा था कि हमास का अधिकांश नेतृत्व विदेश में है, और हम उन तक भी पहुंचेंगे। कतर लंबे समय से हमास के निर्वासित नेताओं का ठिकाना रहा है और वह इजराइल और फिलिस्तीन के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है। गाजा पर युद्धविराम और 7 अक्टूबर को हमास के बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई को लेकर जो बातचीत चल रही थी, यह हमला उसे और जटिल बना सकता है।

**कतर ने इजराइली हमले की आलोचना की :** हमले के बाद कतर ने इजराइल की कड़ी आलोचना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने इसे हमास के राजनीतिक मुख्यालय पर कायराना हमला करार दिया और कहा कि यह सभी अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों का उल्लंघन है। दूसरी ओर, इजराइल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने इस कार्रवाई की तारीफ़ की। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को दुनिया में कहीं भी इजराइल से छूट नहीं मिलेगी। एक्स पर लिखते हुए उन्होंने IDF और शिन बेट के सही फैसले और सटीक निशाने की सराहना की और कहा कि आतंकवादियों को इजराइल के लंबे हाथों से कभी भी कोई छूट नहीं मिलेगी।

## बाहरी ताकतों का विरोध करें, अपनी राष्ट्रीय पहचान बनाएं, सिंगापुर के पूर्व पीएम की लोगों से अपील

**सिंगापुर सिटी, एजेंसी।** वैश्विक तनाव के बीच सिंगापुर के पूर्व पीएम ने अपने देश के लोगों से बड़ी अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग बाहरी ताकतों का विरोध करें और एक मजबूत राष्ट्रीय पहचान बनाए रखें। केंट रिज मिनिस्टीरियल फोरम में पूर्व पीएम ली सियन लूंग ने कहा कि सिंगापुर को शक्तिशाली बाहरी ताकतें बहुत अलग दिशाओं में खींच रही हैं।

वैश्वीकरण को या घरेलू दोषों को राष्ट्रीय पहचान की भावना के लिए बड़ी चुनौती मानने के सवाल पर ली ने कहा कि मुसलमान स्वाभाविक रूप से इस्राइल और हमास के बीच युद्ध को लेकर अधिक परेशान हैं। मगर



भारत या चीन में होने वाले घटनाक्रम का उन समुदायों पर अधिक प्रभाव पड़ेगा। हमारा काम इसका विरोध करना है और यह याद रखना है कि मैं मुस्लिम हूं या मैं चीनी हूं या मैं भारतीय हूं, लेकिन मैं सिंगापुरी भी हूं। यहां मेरा कुछ स्थान है। मैं यहां का निवासी हूं तथा मुझे यहीं से दुनिया को देखना चाहिए। सिंगापुर राष्ट्रीय विवि के छात्रों और शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए सिंगापुर के तीसरे प्रधानमंत्री रहे ली ने कहा कि हर पीढ़ी को अपने संकटों से पार पाना होगा। इन्हीं चुनौतियों के माध्यम से सिंगापुर की राष्ट्रीय पहचान मजबूत होगी। सिंगापुर की पहचान पहले से अधिक मजबूत है और अब उसे महाशक्तियों के बीच प्रतिद्वंद्विता और भू-राजनीतिक व्यवधानों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पहचान बहुस्तरीय है। हम एक लोग हैं, लेकिन... हम सभी एक जैसे नहीं हैं और कुछ खामियां हैं जिनसे हमें बचना है। केवल सिंगापुरी होना किसी व्यक्ति की पहचान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा नहीं है। हम चीनी सिंगापुरी, मलय सिंगापुरी या भारतीय सिंगापुरी भी हैं। हम ईसाई, मुसलमान या बौद्ध भी हैं।

उन्होंने कहा कि आपके राजनीतिक विचार भी अलग-अलग हो सकते हैं। आप सरकार समर्थक हो सकते हैं, आप विपक्ष समर्थक भी हो सकते हैं। आपकी यौन प्रवृत्तियां अलग-अलग हो सकती हैं और इसलिए आपके मित्र मंडली और दुनिया के प्रति आपके नजरिए भी अलग-अलग हो सकते हैं। ये सब हमारी पहचान की अलग-अलग परतें हैं, जो हमेशा मौजूद रहती हैं।

## चीन में टैरिफ से अमेरिकी कंपनियों की बिक्री में आएगी गिरावट, शंघाई चैंबर के सर्वे में बड़ा खुलासा



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन पर अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ को लेकर शंघाई में अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के सर्वे में बड़ा खुलासा हुआ है। सर्वे के बाद सामने आया है कि टैरिफ से चीन में काम कर रही कई अमेरिकी कंपनियों की बिक्री प्रभावित होगी। इसमें गिरावट आएगी। सर्वे में भाग लेने वाली 254 कंपनियों में से लगभग दो-तिहाई ने कहा कि नए टैरिफ ने 2025 में उनके चीन परिचालन के लिए अपेक्षित राजस्व को कम कर दिया है। वहीं लगभग एक-तिहाई कंपनियां जिनमें से कई बैंकिंग और अन्य उद्योगों में हैं जो अमेरिका से आयात या निर्यात नहीं करते हैं, उन्हें किसी भी प्रभाव की उम्मीद नहीं है।

शंघाई चैंबर के नेताओं ने कहा कि टैरिफ से उन कंपनियों पर असर पड़ेगा जो अमेरिका को निर्यात करती हैं और उन कंपनियों पर भी जो चीन में अपने उत्पादन के लिए अमेरिकी पार्ट्स या सामग्री आयात करती हैं। समूह के अध्यक्ष एरिक झेंग ने कहा कि टैरिफ का हमारे परिचालन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है। दोनों पक्ष व्यापार वार्ता कर रहे हैं, लेकिन टैरिफ और अन्य मुद्दों पर उनकी दिशा स्पष्ट नहीं है। यह अनिश्चितता उन कंपनियों के लिए एक चुनौती है जिन्हें भविष्य के लिए योजनाएं बनाने की जरूरत है। 19 मई से 20 जून तक किए गए शंघाई चैंबर सर्वेक्षण में पाया गया कि टैरिफ से सबसे अधिक नुकसान निर्माताओं को हो रहा है। करीब तीन-चौथाई ने कहा कि आयात करों से 2025 तक उनके चीन राजस्व में कमी आएगी। उत्तरदाताओं ने अगले तीन से पांच वर्षों के लिए अमेरिका-चीन तनाव को अपनी सबसे बड़ी चुनौती बताया। झेंग ने द्विपक्षीय संबंधों में सुधार को हमारी पहली माँग बताया। अमेरिका ने लगाया 145 फीसदी टैक्स ट्रंप ने चीन से आयात पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। जबकि मई में दोनों देशों के बीच टैरिफ युद्ध को कम करने पर सहमति बनने से पहले इसे एक समय 145 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया था। चीन ने भी अमेरिकी आयात पर 10 प्रतिशत कर लगाकर जवाब दिया है। वहीं अमेरिकी अदालतों ने फैसला सुनाया है कि ट्रंप के कई टैरिफ अमेरिकी आपातकालीन शक्ति कानून का अवैध उपयोग हैं, लेकिन आयात कर यथावत बने रहेंगे, क्योंकि उनका प्रशासन इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय में अपील कर रहा है।

## लड़ाई का एक और मोर्चा खुलने का बढ़ा खतरा, पोलैंड का दावा- हवाई क्षेत्र में घुसे रूसी ड्रोन मार गिराए

**वारसॉ, एजेंसी।** पोलैंड की सेना ने बुधवार को दावा किया कि उन्होंने रूस के ड्रोन्स को मार गिराया है। पोलैंड का कहना है कि रूसी ड्रोन्स ने यूक्रेन पर हमले के दौरान उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। पोलैंड की सेना ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि आज रूस द्वारा जब यूक्रेन पर हमला किया जा रहा था, तो उस दौरान रूसी ड्रोन्स जैसी चीजों ने बार-बार हमारे हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। इन वस्तुओं की पहचान कर उन्हें तबाह कर दिया गया।

**पोलैंड की सेना ने जारी किया बयान :** बयान में कहा गया है, पोलिश हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, सशस्त्र बलों के ऑपरेशनल कमांडर ने सभी जरूरी कदम उठाए हैं। पोलैंड के विमान और सहयोगी विमान हमारे हवाई क्षेत्र



में उड़ान भर रहे हैं, और जमीनी वायु रक्षा और रडार टोही प्रणालियां भी अलर्ट पर हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से यह पहली बार है जब पोलैंड ने अपने हवाई क्षेत्र में किसी ड्रोन को निशाना बनाया है। यह घटना ऐसे समय घटी है, जब पोलैंड के राष्ट्रपति ने मंगलवार को ही अपने एक बयान में चेतावनी दी कि रूस, अन्य यूरोपीय देशों पर भी हमला कर सकता है।

एहतियातन कई हवाई अड्डे बंद किए गए अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन (फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन) के अनुसार, हमले के बाद, पोलैंड ने एहतियातन अपने वारसॉ स्थित अपने मुख्य चोपिन हवाई अड्डे सहित चार हवाई अड्डों को बंद कर दिया। पोलैंड के दक्षिण-पूर्व में स्थित रजेजो-जसियोंका हवाई अड्डे को भी बंद कर दिया गया है। बता दें कि रजेजो-जसियोंका हवाई अड्डा यूक्रेन के लिए यात्रियों और हथियारों के परिवहन का केंद्र है। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया था कि रूसी ड्रोन नाटो-सदस्य पोलैंड के हवाई क्षेत्र में घुस आए हैं, लेकिन बाद में टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप से इस बयान को हटा दिया गया।

**पोलैंड क्यों है अहम :** पोलैंड भौगोलिक तौर पर पूर्वी यूरोपीय देश है, जिसकी सीमा बेलारूस और यूक्रेन से लगती हैं। पोलैंड यूरोपीय संघ और नाटो का सदस्य है और यूक्रेन, माल्दोवा आदि देशों को भी नाटो में शामिल करने का समर्थक है। यही वजह है कि अमेरिका और रूस दोनों महाशक्तियों की पोलैंड में रुचि होती है। रूस के यूक्रेन पर हमले का पोलैंड द्वारा विरोध किया जा रहा है और पोलैंड खुलकर यूक्रेन की मदद भी कर रहा है। हालांकि पोलैंड को डर है कि रूस, बेलारूस के साथ मिलकर उसकी संप्रभुता को नुकसान पहुंचा सकता है।

रूस और उसका सहयोगी बेलारूस जल्द ही बेलारूस में संयुक्त सैन्य अभ्यास करने वाले हैं, जिससे पोलैंड के साथ-साथ नाटो के अन्य सदस्य देश लातविया और लिथुआनिया भी बेचैन हैं।

# एशिया कप में आज होगा पाकिस्तान और ओमान का मुकाबला

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को पाकिस्तान टीम ग्रुप ए के अपने पहले मैच में ओमान पर बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगी। पाक ने एशिया कप से पहले त्रिकोणीय सीरीज भी यहां खेली थी जिसके अनुभवों का लाभ टीम उठाना चाहेगी। उसने फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराया था जिससे भी उसके खिलाड़ी अच्छी लय में हैं। उस मैच में स्पिनर मोहम्मद नवाज ने हैट्रिक बनाई थी और वह फिर से यहां की स्पिनरों की सहायक पिच पर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

पाक कप्तान सलमान आगा ने कहा था, ''हम त्रिकोणीय सीरीज में इस तरह से तैयारी करना चाहते थे जिससे हमें एशिया कप के लिए सहायता मिले और हमने ऐसा किया। हम घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के बाद से ही अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अब हमारी टीम बहुत अच्छी स्थिति में हैं और मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हैं।'' ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई शामिल की टीमें शामिल हैं। इस मैच के बाद पाक को रविवार को भारतीय टीम से खेलना है जिसको देखते हुए भी टीम ओमान के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। इन दोनों टीमों का सुपर 4 और फाइनल में भी मुकाबला हो सकता है।

पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए एक युवा टीम भेजी है जिससे उससे अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद है। युवा सैम अयूब, फखर जमां, मोहम्मद नवाज़, सूफियान मुकीम जैसे खिलाड़ियों से पाकिस्तान को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। वहीं जतिंदर सिंह की कप्तानी में ओमान




की टीम इस मुकाबले में अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। ओमान के लिए यह बड़ा मुकाबला होगा जिसमें उसके खिलाड़ी इस मैच में अपनी क्षमताएं दिखाना चाहेंगे।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**पाकिस्तान-** फखर जमां, हसन नवाज, खुशदिल शाह, सईम अयूब, सलमान आगा, हुसैन तलत, फहीम अशरफ, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद हारिस, साहिबजादा फरहान, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, हसन अली हसन अली, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी, सुफियान मुकीम, मोहम्मद वसीम जूनियर।

**ओमान-** जतिंदर सिंह (कप्तान), आशीष ओडेदरा, आमिर कलीम, करण सोनावले, हसनैन शाह, मोहम्मद नदीम, विनायक शुक्ला, हम्माद मिर्जा, सुफियान महमूद, आर्यन बिष्ट, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव, मोहम्मद इमरान।

# काउंटी चैंपियनशिप 2025 में खेलेंगे वाशिंगटन सुंदर, इस टीम से जुड़े



**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर इंग्लैंड की काउंटी चैंपियनशिप 2025 अभियान के आखिरी दो मैचों के लिए हैम्पशर से जुड़ गए हैं। इंग्लिश काउंटी टीम ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। हैम्पशर ने समरसेट और सरे के खिलाफ अपने मुकाबलों के लिए इस 25 वर्षीय ऑलराउंडर से अनुबंध किया है।

हैम्पशर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आपका स्वागत है, वाशिंगटन। भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर हमारे आखिरी दो काउंटीचैंप मैच के लिए हमारी टीम से जुड़ेंगे।' हैम्पशर के क्रिकेट निदेशक जाइल्स वाइट ने उनके अनुबंध पर खुशी व्यक्त की। वाशिंगटन ने भारत और इंग्लैंड के बीच हुई पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया था। वाइट ने कहा, 'काउंटी चैंपियनशिप के लिए वाशिंगटन को क्लब में शामिल कर हमें खुशी हो रही है। इस गर्मी में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की श्रृंखला उनके लिए शानदार रही। समरसेट और सरे के खिलाफ आने वाले दो मैचों में वह अहम भूमिका निभाएंगे।'

इस पांच मैचों की श्रृंखला में वाशिंगटन ने 47 के औसत से 284 रन बनाए जिसमें ओल्ड ट्रैफर्ड में बनाया गया उनका पहला शतक भी शामिल है। उन्होंने सात विकेट भी लिए। वाशिंगटन काउंटी क्रिकेट में दूसरी बार खेलेंगे। इससे पहले उन्होंने 2022 में लंकाशर के लिए चैंपियनशिप और वनडे कप खेला था। हैम्पशर ने वाशिंगटन के तौर पर इस साल दूसरे भारतीय खिलाड़ी से अनुबंध किया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने इस सत्र में चैंपियनशिप में टीम के पहले चार मैच में खेले थे।

# शिवम दुबे ने शानदार प्रदर्शन का किया खुलासा, कहा- गेंदबाजी कोच ने मुझे कुछ विशेष सलाह दी है

**दुबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग में इंपैक्ट प्लेयर नियम के कारण शिवम दुबे की गेंदबाजी की भूमिका सीमित हो गई थी लेकिन वह भारतीय टीम के लिए अदद ऑलराउंडर बनना चाहते हैं जिसमें उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर का समर्थन और गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल का मार्गदर्शन मिल रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप के पहले मैच में दो ओवर में चार रन देकर तीन विकेट लेने वाले दुबे ने एक तेज गेंदबाज के रूप में अपने खेल में सुधार के संबंध में मोर्कल की भूमिका के बारे में बात की।

दुबे ने भारत की 9 विकेट से जीत के बाद कहा, 'जब से मैं इंग्लैंड श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में वापस आया हूं, तब से मोर्ने मेरे साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने मुझे कुछ विशेष सलाह दी है और मैंने उन पर अमल किया है।' इस विस्फोटक बल्लेबाज ने कहा, 'उन्होंने मुझे ऑफ स्टंप से थोड़ा बाहर की लाइन पर गेंदबाजी करने को कहा। उन्होंने धीमी गेंद करने को लेकर भी मेरे साथ काम किया और मेरे रन-अप में भी थोड़ा बदलाव किया। मुख्य कोच और कप्तान ने मुझे बताया था कि मेरी गेंदबाजी की भूमिका अहम होगी।'

IPL के बाद दुबे को अपने ऑलराउंड खेल और फिटनेस पर काम करने के लिए दो महीने का समय मिला। दुबे का ढुक्का में उनकी फ्रैंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स पावर-हिटर के रूप में ज्यादा इस्तेमाल करती है।



दुबे ने कहा, 'पिछले दो महीनों में, मैंने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है। जहां तक मेरी बल्लेबाजी का सवाल है तो मुझे पता है कि बीच के ओवरों में मुझे (एक पावर-हिटर के तौर पर) अपनी भूमिका निभानी है। मैं जानता हूं कि पिछले कुछ वर्षों में गेंदबाजों ने मुझे शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया है और मैंने अपने शॉट्स की रेंज बढ़ाने पर काम किया है।'

इस ऑलराउंडर ने कहा, 'जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, विकेट धीमा होता जाएगा और मैं जानता हूं कि तब मेरी धीमी गेंद प्रभावी होगी। मैं यह भी जानता हूं कि बीच के ओवरों में कैसे बल्लेबाजी करनी है।' एक ऑलराउंडर के रूप में दुबे को कई बार हार्दिक पंड्या की चुनौती का सामना करना पड़ता है, लेकिन मुंबई के इस ऑलराउंडर ने जोर देकर कहा कि उनके बीच किसी तरह की प्रतिस्पर्धा नहीं है। उन्होंने कहा, 'हार्दिक मेरे भाई की तरह हैं जिनसे मैं बहुत कुछ सीखता हूं क्योंकि IPL और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका अनुभव मुझसे कहीं अधिक है। मेरा प्रयास हमेशा उनसे कुछ न कुछ सीख लेना होता है।'

# महिला एकदिवसीय विश्व कप में केवल महिलाएं ही रहेंगी अंपायर और रेफरी : आईसीसी

**–विश्व कप क्रिकेट इतिहास में ऐसा पहली बार होगा**

**दुबई (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि भारत और श्रीलंका में इसी माह के अंत में शुरू होने जा रहे महिला एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में सभी अंपायर और रेफरी महिलाएं ही रहेंगी। विश्व कप 30 सितंबर से 2 नवंबर 2025 तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। इसमें केवल तीन भारतीय महिलाओं को ही मैच अधिकारी के तौर पर रखा गया है। महिला एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट इतिहास में यह पहली बार होगा जब टूर्नामेंट की सारी मैच अधिकारियों और अंपायर महिलाएं होंगी।

इससे पहले साल 2022 में हुए राष्ट्रमण्डल खेलों और आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में भी मैच अधिकारी और अंपायर की भूमिका में महिलाएं रही हैं। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, यह महिला क्रिकेट के सफर में एक निर्णायक अवसर है। मैच अधिकारियों के रूप में महिला पैनल का शामिल होना एक बड़ी उपलब्धि है, ये क्रिकेट में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के प्रति आईसीसी की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।



उन्होंने कहा, यह विकास प्रतीकात्मक मूल्य से कहीं आगे जाता है। यह ऐसे सार्थक रोल मॉडल के निर्माण के बारे में है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें। वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता को उजागर करके, हमारा उद्देश्य आकांक्षाओं को जगाना और इस बात को पुष्ट करना है कि क्रिकेट में नेतृत्व और प्रभाव लिंग-भेद से परे है। शाह ने कहा, महिलाओं के खेल के विकास में एक नए अध्याय को मान्यता देते हुए हमें गर्व हो रहा है। हमारा मानना ??है कि इस पहल का प्रभाव इस टूर्नामेंट से कहीं आगे तक जाएगा, जिससे दुनिया भर में अधिक से अधिक अधिकाधिक महिलाओं को अंपायरिंग करियर अपनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी। आईसीसी रेफरियों के पैनल में तीन भारतीय महिलाएं जीएस लक्ष्मी रेफरी होंगी जबकि वृंदा राठी और गायत्री वेणुगोपालन अंपायर होंगी।

**आईसीसी मैच अधिकारियों का पैनल**

मैच रेफरी : ट्रुडी एंडरसन, शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।

अंपायर : लॉरेन एजेनबैग, कैंडेस ला बोर्डे, किम कॉटन, सारा दंबनेवाना, शथिरा जाकिर जेसी, केरिन क्लास्टे, जननी एन, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसाक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, गायत्री वेणुगोपालन, जैकलीन विलियम्स।

# 'कुलदीप यादव अब शायद अगला मैच न खेलें': मांजरेकर ने इशारों में गौतम गंभीर की आलोचना की

**दुबई (एजेंसी)।** कुलदीप यादव ने दुबई में भारत के लिए एशिया कप अभियान की शानदार शुरुआत की और UAE के खिलाफ केवल 4.3 ओवर में 57 रनों पर ढेर करके रिकॉर्ड तोड़ जीत में मदद की। शुरुआत से ही भारतीय टीम का दबदबा रहा, क्योंकि जसप्रीत बुमराह की बेहतरीन यॉर्कर ने शुरुआत की - लेकिन कुलदीप द्वारा फेंके गए 9वें ओवर में बाएं हाथ के इस लेग स्पिनर ने तीन विकेट लिए, UAE के बल्लेबाजों को धूल चटाई और 7 रन देकर 4 विकेट हासिल किए और प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता।

इंग्लैंड में भारत के सभी 5 टेस्ट मैचों में बेंच पर बैठने के बाद टीम में वापसी करने वाले इस खिलाड़ी ने तुरंत ही अपनी छाप छोड़ी, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से अपना हुनर दिखाने के लिए बेताब था। कुलदीप के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें खूब वाहवाही बटोरी, लेकिन साथ ही एक चेतावनी भी दी, उन्हें अक्सर टीम में अंदर-बाहर होते देखा गया है, और संजय मांजरेकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह जाहिर कर दिया कि कुलदीप की भागीदारी और समावेशन को जिस तरह से संभाला गया है, उससे वे पूरी तरह सहमत नहीं हैं। मांजरेकर ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखते हुए कहा, 'कुलदीप ने एक ओवर में 3 विकेट लिए। अब शायद अगला मैच न खेलें।' उन्होंने एक मजाकिया इमोजी भी लगाई ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी टिप्पणी को सही अर्थ में लिया जाए।

कुलदीप टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी, दोनों में भारत की जीत का अहम हिस्सा रहे थे। कई लोगों का मानना है कि उन्हें टेस्ट सीजन में टीम का हिस्सा होना चाहिए था, खासकर जब गौतम गंभीर को नतीजे हासिल करने में मुश्किल हो रही थी। हालांकि इस लेग स्पिनर को एक ऐसे देश में एक विशुद्ध स्पिनर होने का दुर्भाग्य मिला है जहां कई स्पिन गेंदबाज हैं जो बल्ले से भी कमाल दिखा सकते हैं। टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए उन्हें रवींद्र जडेजा और हाल ही में वाशिंगटन सुंदर जैसे गेंदबाजों के खिलाफ काफी संघर्ष करना पड़ा है।

# अर्शदीप को टीम में जगह न मिलने से अश्विन नाखुश, कहा– गंभीर के कोच बनने के बाद से एसा हो रहा

स्पोर्टस डेस्क। टी20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज को यूएई के खिलाफ टी20 एशिया कप 2025 मैच के लिए प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली। भारत ने जसप्रीत बुमराह के रूप में केवल एक मुख्य तेज गेंदबाज और दो अन्य तेज गेंदबाज हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को खिलाया। दुबई की परिस्थितियां स्पिनरों के अनुकूल थी और भारत ने यूएई को मात्र 57 रनों पर समेट दिया लेकिन पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन मौजूदा गेंदबाजी संयोजन से खुश नही हैं। अश्विन का मानना है कि अर्शदीप सिंह को टीम का हिस्सा होना चाहिए और मुख्य कोच गौतम गंभीर के कार्यभार संभालने के बाद से उन्हें बेंच पर बैठाया गया है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'अर्शदीप का बाहर होना हैरानी की बात है लेकिन यह कोई नई बात नहीं है। गौतम गंभीर के कोचिंग शुरू करने के बाद से ऐसा होता आ रहा है। अर्शदीप पूरी चैंपियंस ट्रॉफी भी नहीं खेले। यह एक तरह से एक विषय रहा है। शायद दुबई की परिस्थितियों को देखते हुए वे स्पिनरों को तरजीह दे रहे हैं। जब गंभीर ने केकेआर के लिए खिताब जीता था तब भी वह स्पिन पर पूरी तरह से दांव लगा रहे थे।' अश्विन ने आगे कहा, 'यही टीम हमें टी20 विश्व कप तक देखने को मिल सकती है। लेकिन मुझे संदेह है कि यह संयोजन एक अच्छी टीम के खिलाफ काम कर सकता है। यह काफी जोखिम भरा है। अर्शदीप एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्होंने विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे खिलाड़ी को लंबे समय तक बाहर रखना मुश्किल होगा। मुझे पता है कि शिवम दुबे ने कुछ विकेट लिए हैं लेकिन यह ऐसा गेंदबाजी संयोजन नहीं है जिससे मैं सहमत होऊं।' अर्शदीप ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीमित ओवरों की सीरीज के बाद से कोई मैच नहीं खेला। वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी नहीं खेले। इसके अलावा उन्हें एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका भी नहीं मिला। अश्विन ने 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए अर्शदीप को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने का समर्थन किया।

# एशिया कप : सैमसन को शामिल कर गंभीर ने दिखाया उनके प्रति भरोसा

दुबई। एशिया कप की शुरुआत से पहले कहा जा रहा था कि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को पहले मैच में जगह नहीं मिलेगी पर ये अंदाजा गलत निकला। सैमसन ने भले ही पारी की शुरुआत नहीं की पर उन्हें अंतिम ग्यारह में शामिल किया गया।



इससे साफ है कि कोच गंभीर अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं। गंभीर की सबसे बड़ी खासियत है कि वो हमेशा अपने खिलाड़ियों में तब आत्मविश्वास जगाते है जब वह कठिन दौर से गुजरते हैं। साल 2024 में कोलकाता नाइटराइडर्स में कोच बने गौतम गंभीर ने ही तेज गेंदबाज हर्षित राणा के करियर को आगे बढ़ाया है। राणा ने 19 विकेट लेकर आईपीएल में तब केकेआर की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। राणा ने बताया, 'उन्होंने सत्र से पहले मुझसे कहा था। तुम सभी 14 मैच खेलोगे, चाहे तुम कितने भी रन दो। अगर तुम 70 या 80 रन पर दे दो तो भी अपना आत्मविश्वास बनाए रखना और आक्रामक बने रहना। इससे मेरा मनोबल बढ़ा और में बेहतर गेंदबाजी कर पाया। इसी कारण मैं बिना किसी डर के आगे सका।' सैमसन को भी इसी प्रकार गंभीर ने कठिन समय से निकाला। गंभीर के आने से पहले सैमसन खराब फॉर्म से गुजर रहे थे। भारतीय टीम में भी उनकी जगह पक्की नहीं थी पर गंभीर ने उन्हें पारी की शुरुआत का अवसर देकर सबकुछ बदल दिया।

# विश्व चैंपियनशिप में पदक पक्का, पूजा रानी पहुंची सेमीफाइनल में

**लिवरपूल (एजेंसी)।** भारत की अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने पोलैंड की एमिलिया कोटेरस्का को हराकर महिलाओं के 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और इस तरह से विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना पहला पदक पक्का किया।

पहले दौर में बाई हासिल करने वाली 34 वर्षीय पूजा ने अपने अनुभव के दम पर बुधवार देर रात क्वार्टर फाइनल में किशोरी कोटेरस्का को 3-2 से हराया। 80 किग्रा भार वर्ग ओलंपिक में शामिल नहीं है और विश्व चैंपियनशिप में इस वजन वर्ग में 12 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। इस तरह से विश्व चैंपियनशिप में भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं। पूजा से पहले दो बार की एशियाई चैंपियन जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) और नुपुर शेरॉन (80 किग्रा से अधिक) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए।



इस बीच भारत के पुरुष मुक्केबाजों के अभियान को एक और झटका लगा जब अभिनाश जामवाल 65 किग्रा क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लाशा गुरुली से 1-4 के विभाजित निर्णय से हार गए। उनके बाहर होने के बाद पुरुष वर्ग में केवल जदुमणि सिंह (50 किग्रा) ही दौड़ में बचे हैं। अंतिम आठ में उनका सामना मौजूदा विश्व चैंपियन कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा। इस तरह से भारतीय पुरुष मुक्केबाजों का ताशकंद में खेली गई पिछली विश्व चैंपियनशिप की तुलना में यहां प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

पिछली प्रतियोगिता में दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते थे। महिलाओं की पिछली प्रतियोगिता नयी दिल्ली में आयोजित की गई थी जिसमें नीतू घंघास (48 किग्रा), निकहत (50 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) और स्वीटी बूरा (81 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते थे।

पूजा को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने पहले राउंड में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने पलटवार करते हुए यह राउंड 3-2 से जीत लिया। एशियाई खेल 2014 की कांस्य पदक विजेता पूजा ने दूसरे राउंड में अच्छी वापसी करके बड़ी बढ़त हासिल की। तीसरे राउंड तक दोनों मुक्केबाज थक चुकी थीं, लेकिन पूजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपने नाम पर पदक पक्का किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला स्थानीय मुक्केबाज एमिली एस्क्विथ से होगा।

# ब्रोंको टेस्ट के खिलाफ उतरे सुनील गावस्कर... हर व्यक्ति का शरीर अलग होता



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष टीम में खिलाड़ियों के चयन के लिए ब्रोंको टेस्ट शुरू करने की योजना ने सभी का ध्यान खींचा है। यह एक ऐसा टेस्ट है जो एथलीटों को अपनी हृदय संबंधी क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। ब्रोंको टेस्ट क्रिकेट के लिए भले ही नया हो, लेकिन रग्बी में इसका इस्तेमाल लंबे समय से होता रहा है। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने इसके खिलाफ कहा कि इस तरह के टेस्ट के आधार पर खिलाड़ियों का चयन करना काफी अनुचित है। गावस्कर ने लिखा, हालांकि यह जानने के लिए कि किसी खिलाड़ी को अपने शरीर को कहां मजबूत करने की जरूरत है, ये टेस्ट करवाना ठीक है, लेकिन राष्ट्रीय टीम में चयन का फैसला इनसे करवाना थोड़ा ज़्यादा है। हर व्यक्ति का शरीर अलग होता है, इसलिए टीम में सभी के लिए एक ही मानक रखना करीब असंभव है। खिलाड़ी की विशेषता और उसके लिए दी जाने वाली छूट का ध्यान रखना जरूरी है। उदाहरण के लिए एक विकेटकीपर, जो पूरे दिन लगातार घूमता रहता है, उस दूसरे खिलाड़ियों कील तुलना में अलग फिटनेस स्तर की आवश्यकता होती है। गावस्कर ने लिखा कि कोई भी परीक्षा उस खिलाड़ी की मानसिक शक्ति से बड़ी नहीं होती। उन्होंने कहा, अपने देश के लिए सर्वोच्च स्तर पर खेलने की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा को मापा नहीं जा सकता, क्योंकि यह दो कानों के बीच की बात है।

# तेंदुलकर, विराट और युवराज के एलिट क्लब में शामिल हुए शुभमन गिल

**–145 पारियों में 6000 रन पूरे किए 18 शतक भी लगाए**



नई दिल्ली। शुभमन गिल टेस्ट कप्तान बनने के बाद बल्लेबाजी जैसे और निखर गई। उसके बाद उनकी टी20 टीम में भी वापसी हुई और वो भी बतौर उपकप्तान। इस बीच वह 25 की उम्र में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं। शुभमन गिल 8 सितंबर को 26 साल के हो गए। इसके साथ ही वह सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और युवराज सिंह के एलिट क्लब में भी शामिल हो गए। बता दें 26 साल के होने से पहले भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की एलिट लिस्ट। लिस्ट में सबसे ऊपर सचिन तेंदुलकर का नाम हैं। उन्होंने 26 साल का होने से पहले ही भारत के लिए 12978 रन बनाए थे। उन्होंने ये रन 309 पारियों में बनाए। इस दौरान उन्होंने 40 अंतरराष्ट्रीय शतक भी लगाए थे। वहीं 26 साल की उम्र से पहले भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में विराट कोहली दूसरे नंबर पर हैं। कोहली ने 211 पारियों में 8728 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 26 शतक लगाए। इस सूची में तीसरे नंबर युवराज सिंह आते हैं। उन्होंने 26 साल की उम्र से पहले भारत के लिए 211 पारियों में 6661 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 11 शतक निकले थे। और अब 26 साल की उम्र से पहले 6000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरा करने वाले शुभमन गिल भारत के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 145 पारियों में 6000 रन बनाए हैं। इसमें 18 शतक शामिल हैं। शुभमन गिल ने इस सूची में मौजूद युवराज सिंह के मुकाबले कम पारियों में 6000 रन वाले क्लब में एंट्री ली। युवराज ने जहां 211 पारियों में 6661 रन बनाए वहीं गिल ने 145 पारियों में 6000 रन पूरे किए हैं। इस दौरान युवी ने 11 शतक लगाए जबकि गिल ने कम पारियों में 18 शतक जड़े।

# रोनाल्डो का खेल देखकर प्रेरणा लेते हैं एशिया कप स्टार हॉकी खिलाड़ी अभिषेक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप हॉकी में भारत की खिताबी जीत के सूत्रधार रहे फॉरवर्ड अभिषेक के लिए क्रिस्टियानो रोनाल्डो प्रेरणास्रोत रहे जिन्हें देखकर ही उन्होंने काफी कुछ सीखा। हाल ही में राजगीर में हुए एशिया कप में भारत ने फाइनल में पिछली चैम्पियन दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब जीता और अगले साल नीदरलैंड तथा बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

अभिषेक ने टूर्नामेंट में छह गोल किये और कई गोलों में सूत्रधार रहे। उन्होंने इंटरव्यू में कहा, 'मुझे अंदर से लग तो रहा था कि यह टूर्नामेंट कुछ खास होगा लेकिन यह नहीं सोचा था कि प्लेयर आफ द टूर्नामेंट बनूंगा।% उन्होंने कहा, 'अब हमे विश्व कप की तैयारी के लिए लंबा समय मिल गया है। अपनी बात करूं तो मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है जो आगामी टूर्नामेंटों और विश्व कप में काफी काम आएगा।'

पेरिस ओलंपिक 2024 कांस्य पदक और हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के सदस्य रहे अभिषेक ने बताया कि उनके खेल पर पुर्तगाल के महान फुटबॉलर रोनाल्डो का काफी प्रभाव है और उनके मैच देखकर वह काफी कुछ सीखते हैं। भारत के लिए 113 मैचों में 48 गोल कर चुके इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'मेरे बचपन के कोच शमशेर दहिया मेस्सी के फैन हैं और मुझे वैसा ही बनाना चाहते थे। लेकिन मुझे रोनाल्डो पसंद है। मैं उनके मैच देखता हूं जिनसे स्कोरिंग, पोजिशनिंग, टाइमिंग और शूटिंग के बारे में सीखता हूं।'

उन्होंने कहा, 'फुटबॉल और हॉकी दोनों टीम खेल हैं और गेंद से ही खेली जाती है। पूरा खेल रनिंग और इंड्यूरेंस का है जिसमें पोजिशनिंग काफी अहम होती है और इसमें मेरे प्रेरणास्रोत रोनाल्डो हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'भारतीय खिलाड़ियों में सरदार सिंह मुझे बहुत पसंद हैं और उनको देखकर ही मैंने हॉकी खेलना शुरू किया था। लेकिन मेरे भारतीय टीम में आने से पहले उन्होंने खेल को अलविदा कह दिया था तो मुझे उनके साथ खेलने का मौका नहीं मिला।' अपने भाई आशीष और एक दोस्त को देखकर हॉकी स्टिक थामने वाले अभिषेक ने बताया कि बचपन में कलाई में चोट लगने के बाद उनके माता-पिता ने आगे हॉकी खेलने से मना कर दिया था लेकिन कोच ने उन्हें राजी किया और हिन्दी शिक्षक रहे अपने पहले कोच की सलाह वह आज भी लेते हैं। उन्होंने कहा, 'शमशेर सर को आधुनिक हॉकी के बारे में ज्यादा नहीं पता लेकिन मेरे खेल के बारे में वह बहुत कुछ बताते हैं। मैं उनसे सलाह लेता रहता हूं। भारतीय टीम के कोच क्रेग फुल्टोन से भी अपने खेल के बारे में खुलकर बात करता हूं।' यह पूछने पर कि एशिया कप में जीत का जश्न कैसे मनाया, अभिषेक ने कहा कि परिवार के साथ समय बिताना ही सबसे बड़ा जश्न है चूंकि अधिकांश समय वह घर से बाहर रहते हैं। उन्होंने कहा, 'एशिया कप में परिवार से कोई नहीं आया था क्योंकि भाभी मां बनने वाली है। भैया भाभी ने हॉकी इंडिया लीग के मैच देखे थे। एशिया कप से लौटने के बाद हम सभी ने साथ में डिनर किया और यही मेरे लिये जश्न जैसा था। 28 सितंबर को शिविर में लौटना है तो उससे पहले परिवार के साथ ज्यादा समय बिताना चाहता हूं।' पंजाब नेशनल बैंक में सीनियर मैनेजर के पद पर तैनात अभिषेक की ख्वाहिश विश्व कप में 50 साल के सूखे को खत्म करने की है और उन्हें यकीन है कि इस टीम में वह काबिलियत है। उन्होंने कहा, 'हमने 50 साल से विश्व कप नहीं जीता और मुझे लगता है कि यह टीम जीत सकती है क्योंकि हम शीर्ष टीमों को हरा चुके हैं। हमें बस निरंतरता पर काम करना होगा क्योंकि किसी मैच में तो हम बहुत अच्छा खेलते हैं तो किसी में खराब भी हो जाता है।' उन्होंने कहा, 'हमें डीप डिफेंस और सर्कल के भीतर फिनिशंग पर थोड़ा और काम करना होगा। अपने खेल की बात करूं तो मुझे अपने




बेसिक्स को और दुरूस्त करना होगा।'

उन्होंने कहा कि भारतीय हॉकी के स्वर्णिम दौर को लौटाने के लिये इस टीम को जीत की आदत डालनी होगी। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि 1975 से पहले वाला हमारा स्वर्णिम दौर वापिस लौटे जब हमने ओलंपिक में इतने पदक जीते। मैं चाहता हूं कि हर बड़े टूर्नामेंट में हम देश के लिए पदक जीते। पदक जीतने की हमें आदत पड़ जानी चाहिए। हम उस दिशा में आगे बढ रहे हैं। दो ओलंपिक में कांस्य जीत चुके हैं लेकिन अब पदक का रंग बदलना होगा।'

# ओपन बैडमिंटन : सात्विक–चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची

हांगकांग। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी जीत के साथ ही हांगकांग ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है। रंकीरेड्डी और चिराग ने राउंड ऑफ 16 में थाईलैंड के खिलाफ मैच में पहले सेट में 18–21 से मिली हार के बाद दूसरे सेट में 21–15 से वापसी की और मुकाबला 1–1 से बाराबरी पर ला दिया। सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना राउंड ऑफ 16 में थाईलैंड की जोड़ी पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल से था जिसमें करीब डेढ़ घंटे तक चले इस मैच में कुल तीन सेट का मुकाबला हुआ जिसे भारतीय जोड़ी ने 2–1 से जीत लिया। तीसरे सेट में सात्विक और चिराग ने काफी आक्रामक खेल दिखाया जिसमें उनके स्मैश और तेज रिफ्लेक्सेस के सामने थाई जोड़ी टिक नहीं पायी। इस जोड़ी को निर्णायक सेट में 21–11 के बडे अंतर से हार का सामना करना पड़ा। अब सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया की जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की जोड़ी से सामना होगा। इससे पहले सात्विक और चिराग की जोड़ी को राउंड ऑफ 32 में ताइवान की जोड़ी के खिलाफ भी कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ा था जिसमें उन्होंने पहला सेट तो 21–13 के अंतर से जीता लेकि दूसरे सेट में 18–21 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद तीसरे सेट को 21–10 के अंतर से जीतकर वह राउंड ऑफ 16 में पहुंचे थे।

# जीएसटी कटौती से मुद्रास्फीति में कमी और नीति दर में कटौती की संभावना

**नई दिल्ली ।**

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर में कटौती से कीमतों पर दबाव कम होने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह कटौती पूरी तरह उपभोक्ताओं तक पहुंचती है, तो खुदरा मुद्रास्फीति में अगले 12 महीनों में 60 से 80 आधार अंक तक कमी आ सकती है। खासकर उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं में इसका प्रभाव ज्यादा होगा, क्योंकि इनका मुद्रास्फीति पर बड़ा प्रभाव होता है। मुद्रास्फीति में कमी के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति के लिए नीतिगत दरों में कटौती की गुंजाइश बढ़ जाएगी। मौजूदा समय में आरबीआई ने फरवरी से रीपो दर में 100 आधार अंक की कटौती कर दी है और आगे भी कटौती की संभावना बनी हुई है। आरबीआई मुद्रास्फीति को नियंत्रित करते हुए आर्थिक विकास को भी ध्यान में रखेगा। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की एक प्रमुख अर्थशास्त्री ने कहा कि जीएसटी कटौती से अगले एक साल में जीडीपी वृद्धि दर में लगभग 0.6 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। इससे आर्थिक विस्तार को मजबूती मिलेगी। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था, जो चालू तिमाही में बेहतर रहा है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह बढ़कर 4.9 प्रतिशत हो सकती है। इसके बावजूद जीएसटी कटौती के कारण मुद्रास्फीति पर सकारात्मक असर पड़ने की उम्मीद है।




## जिम में लगी चोट पर हेल्थ इंश्योरेंस क्लेमः जानिए कब होगा मंजूर और कब रिजेक्ट

**मुंबई ।**

फिटनेस को लेकर आजकल लोगों में बढ़ती जागरूकता के चलते जिम जाना रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। लेकिन ट्रेनिंग के दौरान चोट लगने पर अक्सर सवाल उठता है कि क्या हेल्थ इंश्योरेंस इसका खर्च उठाएगा?

विशेषज्ञों के मुताबिक, आमतौर पर जिम चोटें हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी में कवर होती हैं, लेकिन कुछ शर्तें और एक्सक्लूज़न के कारण क्लेम रिजेक्ट भी हो सकता है। टीटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी बताते हैं कि इंडेम्निटी आधारित हेल्थ पॉलिसी में जिम चोटों के लिए कोई खास एक्सक्लूजन नहीं है। लेकिन अगर चोट खतरनाक खेल, ड्रग्स या नशे की स्थिति में लगी हो, तो क्लेम रिजेक्ट हो सकता है। इसके अलावा, अगर चोट के वक्त असुरक्षित प्रैक्टिस की गई हो, प्रतिबंधित पदार्थ का इस्तेमाल हुआ हो या कोई प्री-एक्जिस्टिंग कंडीशन मौजूद हो, तो भी क्लेम मना किया जा सकता है। ज्यूरिख कोटक जनरल इंश्योरेंस के एक प्रमुख अधिकारी का कहना है कि अगर अस्पताल के नोट्स में स्टेरॉयड या शराब के इस्तेमाल का उल्लेख हो, तो क्लेम रिजेक्ट किया जा सकता है।

साथ ही अगर चोट हाई-रिस्क एक्टिविटी या प्रतियोगिता के दौरान लगी हो, तो पॉलिसी एक्सक्लूजन लागू होती है।

ज्यादातर हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियों में जिम चोटों को कवर किया गया है।

लेकिन अगर वर्कआउट डॉक्टर की सलाह के खिलाफ किया गया हो, स्टेरॉयड का दुरुपयोग हुआ हो या हृदय रोग के साथ ओवरएक्सर्ट किया गया हो, तो क्लेम रिजेक्ट हो सकता है।

## वेदांत ने जयप्रकाश एसोसिएट्स अधिग्रहण में अदाणी को पीछे छोड़ा




**नीलामी में वेदांत समूह ने 17,000 करोड़ की बोली लगाई**

**मुंबई ।**

अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में वेदांत समूह ने दिवालिया कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के अधिग्रहण की दौड़ में सबसे अधिक बोली लगाकर अदाणी समूह को पीछे छोड़ दिया है। ऋणदाताओं की ओर से आयोजित नीलामी में वेदांत समूह ने 17,000 करोड़ रुपये की बोली दी, जो अब तक की सबसे बड़ी समाधान योजना मानी जा रही है। इस बोली का शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) लगभग 12,505 करोड़ रुपये है। जयप्रकाश एसोसिएट्स के कुल ऋण दावे 59,000 करोड़ रुपये से अधिक हैं, जिनमें वेदांत को लगभग 71 प्रतिशत की कटौती करनी होगी। नीलामी में वेदांत और अदाणी समूह सक्रिय रहे। डालमिया भारत ग्रुप, जिंदल पावर लिमिटेड और पीएनसी इन्फ्राटेक लिमिटेड जैसे अन्य दावेदारों को शॉर्टलिस्ट किया गया था, लेकिन उन्होंने अंतिम दौर में बोली नहीं दी। बोली प्रक्रिया में शुरुआत 12,000 करोड़ रुपये से हुई और बाद की बोलियां ईमेल के जरिए प्राप्त हुईं। जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण से वेदांत समूह को सीमेंट और बुनियादी ढांचा जैसे नए क्षेत्रों में प्रवेश करने का अवसर मिलेगा, जहां उसकी फिलहाल उपस्थिति नहीं है। वेदांत समूह मुख्य रूप से धातु, इस्पात, खनन, तेल और गैस क्षेत्रों में सक्रिय है। अधिग्रहण के बाद वेदांत के पोर्टफोलियो में जेपी ग्रीन्स, विश टाउन, और जेवर हवाई अड्डे के पास इंटरनेशनल स्पोर्ट्स सिटी जैसी महत्वपूर्ण संपत्तियां जुड़ जाएंगी। वेदांत लिमिटेड को पांच अलग-अलग सूचीबद्ध कंपनियों में पुनर्गठित करने की योजना है, जिससे शेयरधारकों को बेहतर मूल्यांकन मिलेगा।

, इस प्रस्ताव को सरकार का विरोध भी झेलना पड़ रहा है। इसके साथ ही वेदांत को सीमेंट उद्योग में भी अपनी पकड़ मजबूत करने का मौका मिलेगा, जो वर्तमान में अल्ट्राटेक, अदाणी और श्री सीमेंट के तेजी से विस्तार के कारण प्रतिस्पर्धात्मक रूप से सशक्त हो रहा है।

## छोटी कारें हुईं सस्ती, जीएसटी में कटौती से ग्राहकों को 1.55 लाख तक का फायदा



**- सरकार ने हटाया मुआवजा उपकर, वाहन कंपनियां ग्राहकों को दे रहीं राहत**

**नई दिल्ली ।** सरकार द्वारा वाहनों पर लगने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़ी राहत दी गई है। जीएसटी परिषद ने हाल ही में छोटी और बड़ी कारों सहित मोटरसाइकिलों पर टैक्स दरों में कटौती की घोषणा की है। इसके तहत छोटी कारों पर लगने वाला कुल टैक्स 29-31 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। वहीं बड़ी कारों पर टैक्स 50 फीसदी से घटाकर 40 फीसदी कर दिया गया है। इसके अलावा, 350 सीसी से कम इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर भी अब केवल 18 फीसदी टैक्स लगेगा। इस फैसले के बाद वाहन निर्माता कंपनियों ने ग्राहकों को इसका सीधा लाभ देना शुरू कर दिया है। मारुति सुजुकी इंडिया के एक प्रमुख अधिकारी इने कहा कि कंपनी यह राहत सीधे ग्राहकों तक पहुंचाएगी। उनके अनुसार, ऑल्टो की कीमत में 40,000-50,000 और वैगन आर की शुरुआती मॉडल की कीमत में 60,000-67,000 तक की कमी आ सकती है। टाटा मोटर्स ने भी घोषणा की कि वे जीएसटी कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को दे रहे हैं, जिससे कुछ मॉडलों की कीमतों में 1.55 लाख रुपए तक की गिरावट आई है। कंपनी के अधिकारी ने कहा कि यह कदम पहली बार कार खरीदने वालों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से छोटी कारों की बिक्री में 10 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है, जिससे पूरी यात्री वाहन बाजार में 6-8 फीसदी की ग्रोथ संभव है।

# 1,50,000 के पार जा सकता है 10 ग्राम सोने का भाव!

**नई दिल्ली ।**

सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। निवेशक अब इसे सुरक्षित विकल्प मानकर बड़ी मात्रा में खरीदारी कर रहे हैं। शुक्रवार को सोने का भाव 1,07,740 प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इस तेजी के पीछे वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक तनाव को मुख्य कारण माना जा रहा है। अर्थव्यवस्था की अस्थिरता के बीच अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद जताई जा रही है। अगर ऐसा होता है, तो डॉलर कमजोर होगा और सोने की मांग और अधिक बढ़ेगी। इसी को ध्यान में रखते हुए एक वैश्विक निवेश बैंक ने पहले अनुमान को संशोधित करते हुए अब सोने का भाव 5,000 डॉलर प्रति औंस (लगभग 1.55 लाख प्रति 10 ग्राम) तक पहुंचने की संभावना जताई है। इससे पहले यह अनुमान 4,000 डॉलर प्रति औंस था। बाजार के विशेषज्ञों के मुतो बिक डॉलर इंडेक्स में गिरावट और भारतीय रुपये में मजबूती के चलते घरेलू बाजार में सोना और महंगा हो सकता है। निवेशक शेयर बाजार और क्रिप्टो जैसे अस्थिर विकल्पों से दूर हटकर अब सोने में भरोसा जता रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तेजी आगे भी जारी रह सकती है।



## एफपीआई ने किया आईटी और वित्त सेक्टर से पलायन, ऑटो सेक्टर में बढ़ी रौनक

**मुंबई ।** अगस्त 2025 के दूसरे पखवाड़े में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजारों से 14,020 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। इस बिकवाली का सबसे ज्यादा असर वित्तीय सेवाओं और आईटी सेक्टर पर देखने को मिला। प्राइम इन्फोबेस के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने अकेले वित्तीय सेवाओं से 9,817 करोड़ रुपए और आईटी सेक्टर से 4,905 करोड़ रुपए की निकासी की। इसके अलावा तेल और गैस (2,017 करोड़), बिजली (1,708 करोड़) और दूरसंचार (1,680 करोड़) जैसे क्षेत्रों में भी बिकवाली हुई। एफपीआई की बिकवाली की मुख्य वजह रही पहली तिमाही में कमजोर आय, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और आईटी सेक्टर के निर्यात परिदृश्य में गिरावट। विश्लेषकों के अनुसार इन कारकों ने निवेशकों की धारणा पर नकारात्मक असर डाला। वहीं दूसरी ओर ऑटोमोबाइल और ऑटो कलपुर्जा क्षेत्र एफपीआई के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा, जिसमें 2,617 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। इसके पीछे मुख्य कारण रहा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में हालिया तर्कसंगत बदलाव, जिससे मांग और राजस्व में बढ़ोतरी की उम्मीद बनी।



## सेबी ने केवाईसी पंजीकरण वापसी के लिए नई नियमावली जारी की

**नई दिल्ली ।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने केवाईसी पंजीकरण एजेंसियों (केआरए) द्वारा पंजीकरण छोड़ने की प्रक्रिया को सरल और व्यवस्थित बनाने के लिए एक नया परिपत्र जारी किया है। यह कदम उन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है जहां केआरए या तो स्वेच्छा से या वित्तीय या नियामकीय कारणों से संचालन बंद करना चाहते हैं। सेबी ने स्पष्ट किया है कि पंजीकरण छोड़ने वाली केआरए को अपने सभी केवाईसी रिकॉर्ड्स को किसी अन्य सेबी-पंजीकृत एजेंसी को ट्रांसफर करना होगा। इससे निवेशकों को दोबारा केवाईसी कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी और उनकी सेवाएं सुचारु रूप से जारी रहेंगी। इसके अलावा, प्रत्येक केआरए के लिए अपने बोर्ड द्वारा अनुमोदित एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाना अनिवार्य किया गया है। इस एसओपी में रिकॉर्ड और दस्तावेजों के ट्रांसफर, अनुबंधों के निपटान, और डाटा सुरक्षा के स्पष्ट दिशा-निर्देश होने चाहिए।

## कैट शुरू करेगा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने अभियान

**नई दिल्ली ।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने इस महीने एक बड़े अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य बाजारों में स्वदेशी उत्पादों की उपस्थिति बढ़ाना है। यह कदम अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए जवाबी शुल्क और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया तथा वोकल फॉर लोकल अभियान के आह्वान के बाद उठाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षकों और छात्रों से स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने का आग्रह किया है। कैट ने कहा है कि व्यापारिक समुदाय यह संकल्प लेता है कि स्वदेशी उत्पाद हर दुकान, बाजार और ठेले पर उपलब्ध होंगे और विदेशी वस्तुओं का विकल्प केवल स्वदेशी उत्पाद ही होंगे। 15-16 सितंबर को नागपुर में 400 से अधिक व्यापारिक नेता, फेरीवाले, उपभोक्ता मंच और उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस सम्मेलन के बाद स्वदेशी अभियान की शुरुआत की जाएगी। कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि अमेरिकी शुल्क युद्ध भारत के लिए चुनौती नहीं, बल्कि अवसर है।

## उषा श्रीराम ने एक्वाएरो के साथ एफएमसीजी क्षेत्र में रखा कदम

**कोलकाता ।** घरेलू उपकरण निर्माता उषा श्रीराम ने अपने प्रीमियम बोतलबंद पानी ब्रांड एक्वाएरो की लॉन्चिंग के साथ एफएमसीजी क्षेत्र में प्रवेश किया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बोतलबंद पानी उद्योग का आकार लगभग 50,000 करोड़ रुपए है, जिसमें 60-70 फीसदी हिस्सा असंगठित क्षेत्र का है। कंपनी का उद्देश्य इस बाजार में गुणवत्ता और ब्रांड वैल्यू के दम पर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना है। फिलहाल कंपनी का सालाना राजस्व 480 करोड़ रुपए है, जिसे अगले दो वर्षों में 1,000 करोड़ रुपए तक पहुंचाने की योजना है। यह लक्ष्य हासिल होने के बाद कंपनी आईपीओ लाने पर विचार करेगी। एफएमसीजी विस्तार की दिशा में कंपनी आटा, दालें और आवश्यक उपभोक्ता वस्तुएं पेश करने की भी योजना बना रही है।

## एलएंडटी सेमीकंडक्टर ने फुजित्सु से पावर मॉड्यूल परिसंपत्तियां खरीदीं

**नई दिल्ली।** एलएंडटी सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज (एलटीएससीटी) ने जापान की फुजित्सु जनरल इलेक्ट्रॉनिक्स (एफजीईएल) की पावर मॉड्यूल डिजाइन से जुड़ी परिसंपत्तियाँ अधिग्रहित कर ली हैं। इस सौदे के तहत एलटीएससीटी ने अनुसंधान एवं विकास उपकरण, डिजाइन पेटेंट और अन्य बौद्धिक संपदाएँ अपने अधिकार में ली हैं। यह अधिग्रहण भारत की सेमीकंडक्टर क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एलटीएससीटी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा और भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक रहेगा। यह कदम विशेष रूप से पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में तकनीकी आत्मनिर्भरता को बल देगा।



## यूरोप में भारत के डीजल निर्यात में अगस्त में दोगुना वृद्धि, रूस प्रतिबंधों का असर

**नई दिल्ली ।** अगस्त महीने में भारत का डीजल निर्यात यूरोप के लिए दोगुने से अधिक बढ़ गया है। यह तेजी मुख्य रूप से यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा रूस से कच्चे तेल और प्रोसेस्ड ईंधन पर लगाए गए आगामी प्रतिबंधों के चलते हुई है। जनवरी 2026 से लागू होने वाले इस प्रतिबंध से पहले यूरोपीय खरीदारों ने भारत से डीजल खरीदारी में तेजी दिखाई है। अगस्त में भारत का डीजल निर्यात 2,42,000 बैरल प्रति दिन (बीपीडी) पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में दोगुना से भी अधिक है। इसके अलावा, पिछले 12 महीनों के औसत निर्यात में भी 124 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस बढ़ोतरी के पीछे कई कारण हैं, जिनमें नीदरलैंड की शेल पर्निस रिफाइनरी में अचानक रखरखाव के कारण यूरोप में डीजल आपूर्ति में कमी और सर्दियों के मौसम के लिए बढ़ती मांग प्रमुख हैं। साथ ही, रूस से प्रोसेस्ड ईंधन के आयात पर श्व के प्रतिबंध ने भारत को इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता बना दिया है। यूरोपीय संघ ने रूस के कच्चे तेल के लिए मूल्य सीमा को घटाकर 47.6 डॉलर प्रति बैरल कर दिया है, जो अब बाजार मूल्य से 15 प्रतिशत कम रहेगी। इस कदम से रूस के ऊर्जा राजस्व पर दबाव बढ़ेगा। भारत की बड़ी रिफाइनरियां जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी, जो यूरोप को डीजल सप्लाई करती हैं, इस प्रतिबंध से प्रभावित होंगी।

# आर्थिक वृद्धि और जीएसटी सुधारों से स्थानीय शेयर बाजार में रौनक रही

**- जीएसटी सुधारों के चलते भारतीय शेयर बाजार ने बीते सप्ताह शानदार प्रदर्शन किया**

**मुंबई ।**

अप्रैल-जून तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था में 7.8 फीसदी की उम्मीद से बेहतर वृद्धि और वित्त मंत्री द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों के चलते भारतीय शेयर बाजार ने बीते सप्ताह शानदार प्रदर्शन किया। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में जोरदार उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन सप्ताह के अंत तक घरेलू शेयर बाजार में उतार चढ़ाव के बावजूद मजबूती देखी गई।

सप्ताह की शुरुआत सोमवार को देश की जीडीपी वृद्धि दर के आंकड़े सामने आए, जिसमें अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इस खबर से बाजार में तेजी का माहौल बन गया। सेंसेक्स 554 अंक की उछाल के साथ 80,364.49 पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी 198 अंक चढ़कर 24,625.05 पर पहुंच गया। मंगलवार को विदेशी निवेश की निकासी और वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेतों के चलते बाजार थोड़ा फिसला। सेंसेक्स 206 अंक टूटकर 80,157.88 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी भी 45 अंक गिरकर 24,579.60 पर बंद हुआ। बुधवार को शेयर बाजार ने जोरदार वापसी की और सेंसेक्स 409 अंक उछलकर 80,567.71 पर और निफ्टी 135 अंक बढ़कर 24,715.05 पर बंद हुआ। 3 सितंबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी से जुड़े अहम सुधारों की घोषणा की, जिससे निवेशकों में उत्साह देखा गया। गुरुवार को सेंसेक्स ने 888 अंकों की छलांग लगाई और निफ्टी भी 265 अंक तक चढ़ गया। सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को बाजार में स्थिरता देखी गई। सेंसेक्स हल्की गिरावट के साथ 80,710.76 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 24,741.00 पर बंद हुआ। बाजार के जानकारों ने कहा कि सप्ताह भर के उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने मजबूती दिखाई। आर्थिक विकास और नीतिगत सुधारों ने बाजार की धार को बनाए रखा, जिससे निवेशकों में भरोसा मजबूत हुआ है। आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा घरेलू आंकड़ों और वैश्विक संकेतों पर निर्भर करेगी।




## इस साल अब तक लगभग 3 फीसदी कमजोर हुआ रुपया

**मुंबई ।** इस साल अब तक रुपया लगभग 3 फीसदी कमजोर हुआ है, जो कि एशिया की प्रमुख मुद्राओं में सबसे खराब प्रदर्शन है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार रुपये पर यह दबाव मुख्यतः विदेशी निवेशकों की बिकवाली, अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर 50 फीसदी तक के भारी शुल्क और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में अनिश्चितता के कारण आया है। साथ ही अमेरिका द्वारा आईटी सेवाओं और आउटसोर्सिंग पर संभावित रोक की खबरों ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। एक सरकारी बैंक के डीलर ने बताया कि अमेरिका में व्यापार नीति को लेकर अनिश्चितता के कारण विदेशी पूंजी की निकासी तेज हुई, जिससे रुपया दबाव में आया। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डॉलर की बिकवाली कर हस्तक्षेप किया जिससे गिरावट पर आंशिक नियंत्रण संभव हुआ। शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर 88.37 पर पहुंच गया। दिन के अंत में यह 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ 88.26 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जबकि गुरुवार को यह 88.15 पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के एक विश्लेषक के अनुसार सकारात्मक घरेलू संकेतों के बावजूद डॉलर की मजबूती और वैश्विक व्यापार तनाव ने रुपये को कमजोर किया है। वहीं आईएफए ग्लोबल के विश्लेषक ने कहा कि दिनभर रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया।

# टेस्ला ने एलन मस्क के लिए प्रस्तावित किया एक ट्रिलियन डॉलर का सैलरी पैकेज

**- टेस्ला का मकसद मस्क के नेतृत्व में कंपनी को इतिहास की सबसे मूल्यवान कंपनी बनाना**

**वाशिंगटन ।**

अमेरिका की प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला ने अपने संस्थापक और सीईओ एलन मस्क के लिए एक ट्रिलियन डॉलर के बड़े सैलरी पैकेज का प्रस्ताव रखा है। कंपनी का यह प्रस्ताव मस्क को प्रोत्साहित करने और उन्हें लंबे समय तक कंपनी के साथ जोड़े रखने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। टेस्ला का लक्ष्य मस्क की नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण बेंचमार्क हासिल करना है, ताकि वह भविष्य में रोबोटैक्सी व्यवसाय के बाजार मूल्य को 8.5 ट्रिलियन डॉलर तक ले जा सकें। कंपनी ने अपने शेयरहोल्डर्स को भेजे गए लेटर में कहा कि मस्क को बनाए रखना और प्रोत्साहित करना टेस्ला के दीर्घकालिक लक्ष्यों को हासिल करने की कुंजी है। इस योजना के तहत, अगर मस्क निर्धारित बेंचमार्क पूरे करते हैं तो उन्हें पूरा सैलरी पैकेज दिया जाएगा और साथ ही उनकी कंपनी में हिस्सेदारी 25 फीसदी तक बढ़ाई जाएगी। इससे पहले अगस्त 2024 में टेस्ला ने मस्क को लगभग 29 अरब डॉलर के 9.6 करोड़ सशर्त शेयर दिए थे। हालांकि, डेलावेयर की अदालत ने मस्क के उस भारी सैलरी पैकेज को रद्द कर दिया था, क्योंकि न्यायाधीश ने इसे शेयरधारकों के प्रति अन्यायपूर्ण बताया था। मस्क की अपील भी अदालत में खारिज हो गई थी। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार 5 सितंबर 2025 तक एलन मस्क की कुल संपत्ति 378 बिलियन डॉलर है, जिससे वे दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। टेस्ला का यह प्रस्ताव मस्क की नेतृत्व क्षमता को देखते हुए कंपनी को और ऊंचाइयों तक ले जाने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।





# ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड डेब्यू करेंगे रित्विक भौमिक

**छोटे पर्दे और डिजिटल दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुके अभिनेता रित्विक भौमिक अब सिल्वर स्क्रीन पर कदम रखने जा रहे हैं। बंदिश बैंडिट्स के जरिए दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले रित्विक जल्द ही अपनी पहली हिंदी फिल्म 'अभूतपूर्व' में नजर आएंगे। यह फिल्म रोमांटिक हॉरर कॉमेडी होगी, जिसकी कहानी 90 के दशक के आगरा की गलियों से शुरू होती है।**

### डिजिटल स्टार से फिल्मी हीरो तक

रित्विक भौमिक ने अमेजन प्राइम की म्यूजिकल वेब सीरीज 'बंदिश बैंडिट्स' (2020) में राधे राठौर का किरदार निभाया, जिसके बाज उनकी पहचान बनी। इसके बाद रित्विक ने 'मजा मा' (2022) और 'खाकी- द बंगाल चैप्टर' (2023) जैसी प्रोजेक्ट्स में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। अब, फिल्मों में डेब्यू के साथ उनका करियर एक नए मोड़ पर पहुंचने वाला है।

### 'अभूतपूर्व' में खास किरदार

इस फिल्म में रित्विक 'अभय' नाम के युवक का रोल निभाएंगे। कहानी एक ऐसी मोहब्बत के इर्द-गिर्द घूमती है जो जिंदगी और मौत की बंदिशों के आगे बढ़ जाती है। आगरा के बैकड्रॉप पर बनी इस फिल्म में रोमांस और कॉमेडी का मिश्रण दिखाया जाएगा।

### इंस्टाग्राम पर हुआ ऐलान

शनिवार को फिल्म से रित्विक का पहला लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया। पोस्ट के साथ लिखा गया था कि यह कहानी एक ऐसी प्रेमकथा है जो अब तक न कही गई और न सुनी गई। यह झलक दर्शकों को फिल्म की दुनिया का अहसास कराने के लिए थी, जबकि पूरा सफर उन्हें सिनेमाघरों में दिखाई देगी।

### फिल्म का प्रोडक्शन

फिल्म 'अभूतपूर्व' का निर्माण ख्याति मदान की कंपनी नॉट आउट एंटरटेनमेंट कर रही है। अभी फिल्म की बाकी कास्ट और टीम से जुड़े डीटेल्स सामने नहीं आए हैं, लेकिन यह निश्चित है कि इसे बड़े पैमाने पर पेश किया जाएगा।



# मैंने कभी भी सेफ चॉइस नहीं की वह मेरे डीएनए में ही नहीं

**हेट स्टोरी 2 जैसी बोल्ड फिल्म से डेब्यू करने वाली सुरवीन चावला ने अग्ली, पार्च्ड, सेक्रेड गेम्स जैसी लीक से हटकर फिल्में और सीरीज करके बतौर ऐक्टर अपनी अलग जगह बनाई है। इस साल चार वेब शोज क्रिमिनल जस्टिस 4, मंडला मर्डर्स, राणा नायडू 2 और अंधेरा में नजर आईं सुरवीन से विविध पहलुओं पर की खास बातचीत।**

**आपने हेट स्टोरी 2, पार्च्ड से लेकर सेक्रेड गेम्स और हालिया शो अंधेरा तक में हमेशा बोल्ड और लीक से हटकर किरदार चुने हैं। क्या पैमाना रहता है आपका किरदार चुनने का?**

मेरे पास आते ही ऐसे आड़े-टेढ़े रोल हैं, वरना मेरा सिंपल, नाच-गाने वाला हल्का-फुल्का काम करने का बहुत मन करता है। वो जो हार्ड कोर कमर्शल फिल्में होती हैं ना, वो मेरा फेवरिट है। मैंने पंजाबी और दूसरी क्षेत्रीय भाषाओं ऐसी मेनस्ट्रीम नाच-गाने वाली लव स्टोरी फिल्में की भी बहुत हैं, मगर अभी कॉन्टेंट थोड़ा अलग हो गया है। डार्क कॉन्टेंट ज्यादा बन रहा है, पर मैं बतौर दर्शक हल्का-फुल्का कॉन्टेंट देखना भी चाहूंगी और उसका हिस्सा भी बनना चाहूंगी। मेरा मानना है कि आप शुरू में जैसा काम करते हैं, वैसा ही आगे मिलता है और मैंने कभी भी सेफ चॉइस नहीं की। वह मेरे डीएनए में ही नहीं है। मैं यह सोचकर हां नहीं करती कि यह रिस्की है तो करना चाहिए। आज मेरे लिए काम, परिवार के साथ मेरा बच्चा भी मेरी प्राथमिकता है, तो मैं वो काम करना चाहूंगी, जिसे करके वही खुशी मिले, जो एक लंबे दिन के बाद मुझे अपने बच्चे को देखकर मिलती है। उस काम को लेकर मेरी आंखों में वही उत्साह और चमक होनी चाहिए।

**आपने कहा कि आपकी शुरुआती चॉइसेज आगे का रास्ता तय करते हैं, तो हेट स्टोरी 2 जैसी फिल्म से डेब्यू के बाद आपको उस खांचें में फिट करने की कोशिश नहीं हुई?**

हेट स्टोरी 2 तो नहीं, मगर पॉर्च्ड के रिलीज के तुरंत बाद मुझे एक नामचीन डायरेक्टर, बढ़िया सेट अप वाली फिल्म ऑफर हुई, जिसमें मेरा रोल बिल्कुल पॉर्च्ड जैसा था। वो रोल मेरे पास इसीलिए आया, क्योंकि मैंने वैसा रोल किया था, मगर क्या मैं वैसा ही किरदार करती रहूंगी? यहां पर आपको एक कड़वा घूंट पीना पड़ता है कि आप एक अच्छी फिल्म का हिस्सा नहीं हो पाए, लेकिन मुझमें ना बोलने की हिम्मत थी, किरदार रिपीट करने की नहीं, तो हां कई बार आपको एक बॉक्स में डालने की कोशिश होती है और तब ना बोलना जरूरी होता है। तभी आप खुद को स्टीरियोटाइप होने से बचा सकते हैं, वरना आप रिपीट में अटक जाएंगे और इंडस्ट्री के लिए ये करना बहुत आसान है। हालांकि, ये मेकर्स की जिम्मेदारी है कि ऐक्टर को अपने विजन के हिसाब से अलग-अलग किरदारों में इमैजिन करें, ना कि एक ही खांचें में बांध दें।

## सोशल मीडिया वाली स्टारडम बेइमानी

मेरी मैनेजमेंट टीम पीछे पड़ी है कि मैं ये सब करूं, लेकिन मुझे ये सब बहुत नकली लगता है। इस स्टारडम की कोई विश्वसनीयता नहीं रह गई है, भले ही सोशल मीडिया, पैप स्पॉटिंग ये सब आज का सच हैं। मुझे तो यह ऐक्टर्स के साथ नाइंसाफी लगती है कि आज लोग सोशल मीडिया फॉलोअर्स देखकर कास्टिंग करते हैं, न कि टैलंट के आधार पर। पैप्स भी महज स्किन शो पैप कर रहे हैं। आप किसी को भी स्पॉट और पैप कर रहे हो, तो उसकी कोई अहमियत नहीं है। मुझे कोई शौक नहीं है कि मैं इंस्टाग्राम पर बताऊं कि मैंने नाश्ते में क्या खाया? या अपने डॉगी को टहलाने कहां ले गई। जिसको अच्छा लगता है वो करे, मुझे इसमें कोई वैल्यू नजर नहीं आती। इस स्टारडम के कोई मायने नहीं हैं, क्योंकि कोई भी स्टार बन सकता है।

# पंचायत 5 का बेसब्री से इंतजार कर रहीं हैं सानविका

प्राइम वीडियो की सीरीज पंचायत के अगले सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस साल जून में सीरीज का चौथा सीजन रिलीज हुआ अब दर्शक पंचायत 5 के इंतजार में हैं, जिसका एलान हो चुका है। दर्शक ही नहीं, पंचायत की रिंकी भी पांचवें सीजन का इंतजार कर रही हैं। हालिया पोस्ट के जरिए उन्होंने यह खुद कहा है। रिंकी का रोल अदा करने वाली एक्ट्रेस सानविका ने आज शुक्रवार को अपनी कुछ फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, मैं पांचवें सीजन का इंतजार कर रही हूं उनके पोस्ट पर कमेंट करते हुए नेटिजन्स पूछ रहे हैं, पांचवां सीजन कब आएगा।



# राशि खन्ना ने खत्म की 'तेलुसु कडा' की शूटिंग



सिद्धू जोनालागड्डा और राशि खन्ना की आगामी फिल्म तेलुस कडा की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। इसकी जानकारी एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया के जरिए दी है और सभी क्रू सदस्यों को धन्यवाद किया। अभिनेत्री ने शूटिंग के दौरान की कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। राशि खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म तेलुसु कडा की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने पांच तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वो अलग-अलग अंदाज में दिख रही हैं। साथ ही वह सीन समझकर उसे परफॉर्म करती नजर आ रही हैं और उसमें कैमरा, लाइट्स और एक्शन तीनों का संगम दिख रहा है। पोस्ट के कैप्शन में राशि खन्ना ने लिखा, कुछ कहानियां कैमरे बंद होने के बाद यूं ही खत्म नहीं हो जातीं, तेलुसु काडा उनमें से एक है। प्यार, नुकसान और इन सबके बीच की हर चीज का सफर को आज मैं खत्म करती हूं। इस सफर में मेरे साथ चलने वाली सबसे बेहतरीन टीम का हमेशा आभारी रहूंगी। आप सभी के इस दुनिया में कदम रखने का बेसब्री से इंतजार है, जिसे हमने बनाया है। आप सभी एक रोमांचक सफर के लिए तैयार रहें। तेलुसु काडा फिल्म में सिद्धू जोनालागड्डा के साथ-साथ राशि खन्ना और श्रीनिधि शेट्टी भी अहम रोल निभाती हुई नजर आएंगी।



# जॉली एलएलबी 3 के बाद शाहरुख की फिल्म से जुड़े अरशद वारसी

बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म जॉली एलएलबी 3 को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले अरशद के फैंस के लिए खुशखबरी है। वह अब शाहरुख खान के एक नए प्रोजेक्ट के साथ जुड़ गए हैं। उन्होंने पोलैंड में इसकी शूटिंग भी शुरू कर दी है। अरशद वारसी ने इंस्टाग्राम पर पोलैंड की खूबसूरत गलियों से अपनी एक तस्वीर शेयर की है।

### किंग की शूटिंग कर रहे अरशद

आपको बता दें कि अरशद वारसी आधिकारिक तौर पर शाहरुख खान की एक्शन-थ्रिलर फिल्म किंग से जुड़ गए हैं। जॉली एलएलबी स्टार इन दिनों पोलैंड के वारसॉ में हैं। तस्वीर शेयर करते हुए अरशद वारसी ने कैप्शन में लिखा मैं कहां हूं, इसका अंदाजा लगाने की कोई कीमत नहीं है, अपने पसंदीदा के साथ शूटिंग कर रहा हूं। भगवान का शुक्र है।

### सिद्धार्थ आनंद ने की पुष्टि

पोस्ट के कमेंट सेक्शन में निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनका स्वागत करते हुए लिखा किंगडम में आपका स्वागत है। इससे पता चलता है कि अरशद वारसी फिल्म किंग से जुड़े हैं। हालांकि फिल्म में अरशद वारसी का क्या किरदार होगा, इस बारे में अभी जानकारी नहीं है। खबरें हैं कि वह एक अहम भूमिका निभाएंगे। शाहरुख खान के साथ अरशद वारसी को देखने के लिए उनके फैंस बेताब हैं। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित फिल्म किंग हाल के दिनों में बॉलीवुड की सबसे हाई-प्रोफाइल फिल्मों में से एक बनने की राह पर है। इस फिल्म की कहानी अभी गुप्त रखी गई है। फिल्म अपनी लोकेशन और स्टार कास्ट की वजह से चर्चा में है।



### अरशद वारसी का काम

अरशद वारसी जल्द ही जॉली एलएलबी की तीसरी किस्त में नजर आएंगे। सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म जॉली एलएलबी 3 में अक्षय कुमार और अरशद वारसी फिर से साथ आ रहे हैं, साथ ही सौरभ शुक्ला जज की भूमिका में हैं। फिल्म में हुमा कुरैशी और अमृता राव भी होंगी। फिल्म में अक्षय और अरशद एक कानूनी लड़ाई में उलझे हुए दिखाई देंगे।



# इंडियन स्पाई का किरदार निभाना ड्रीम था

**एस्पिरेंट्स फेम नवीन कस्तूरिया का वेब सीरीज 'सलाकार- द लीजेंड ऑफ एन एक्स्ट्राऑर्डिनरी इंडियन स्पाई में एक अलग ही अवतार देखने को मिला है। इस सीरीज में एक्टर ने इंडियन स्पाई की भूमिका निभाई है। एक्टिंग के साथ उन्होंने दिखा दिया कि वे एक्शन में भी अच्छे हैं। हाल ही में यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई है।**

### कहानी सुनते ही तुरंत हामी भर दी

नवीन कस्तूरिया ने बताया- कास्टिंग डायरेक्टर रोमिल का सबसे पहले मेरे पास फोन आया था। जब उन्होंने बताया कि सीरीज की कहानी 1970 के दशक पर आधारित इंडियन स्पाई की है। इसकी कहानी दो टाइमलाइन में चलेगी और यह जियो हॉटस्टार पर आएगा तो मैं तुरंत तैयार हो गया। इस तरह की फीलिंग पहली बार तब हुई थी जब टीवीएफ पिचर्स के पहले सीजन में काम करने का मौका मिला था। इस सीरीज के बारे में जब राइटर बिस्वपति सरकार ने बताया था कि शो स्टार्टअप के ऊपर है। किरदार एक ऐसे लड़के का है जो जॉब छोड़कर अपनी खुद की स्टार्टअप कंपनी शुरू करता है। मुझे हमेशा नई-नई चीजें करने में बहुत आनंद आता है।

### स्पाई का जीवन सेक्रिफाइज से भरा होता है

कस्तूरिया ने कहा- कई बार ऐसा होता है कि सबकुछ फाइनल होने के बाद भी कोई ना कोई अड़चन आ जाती है। कभी-कभी चैनल की तरफ से बड़े और लोकप्रिय चेहरे की डिमांड आ जाती है। खैर, डायरेक्टर फारूक कबीर से मिला। उन्होंने मुझे शो के बारे में कई चीजें बताई। वह जो भी बता रहे थे, मुझे अच्छा लग रहा था। अगर कुछ चीजें नहीं भी पसंद आती तब भी यह सीरीज करता। क्योंकि इंडियन स्पाई का किरदार निभाना मेरा ड्रीम था। इंडियन स्पाई का जीवन त्याग और बलिदान से भरा होता है। यह चीज मुझे काफी आकर्षित करती है।

### क्या सीजन 2 भी आएगा?

सलाकार सीजन 2 के बारे में पूछने पर नवीन ने कहा- अगर सलाकार का सीजन 2 आया तो मुझे बहुत खुशी होगी। अभी तो मेरा ऐसा दौर भी है कि सीजन 2 करता भी हूं। जबकि एक दौर ऐसा भी था, मेरे किसी शो का दूसरा सीजन नहीं बनता था। इस शो की जब स्क्रीनिंग हुई तब मेरे पेरेंट्स भी आए थे वह मेरे लिए सबसे खुशी का क्षण था।

### फिल्म 'बॉर्डर' की याद आ गई

नवीन कस्तूरिया ने आगे बताया- 'सलाकार' में जब अपने किरदार के बारे में सुना तो मुझे 'बॉर्डर' फिल्म में अक्षय खन्ना का किरदार याद आ गया। इस फिल्म में अक्षय खन्ना ने धरमवीर का किरदार निभाया था। एक ऐसा जवान लड़का जो देश के लिए अपनी जिंदगी न्योछावर कर देता है। हालांकि रियल में धरमवीर जिंदा थे, लेकिन फिल्म की कहानी में उस किरदार को मार दिया गया था। मुझे देश के लिए त्याग और बलिदान देने वाले ऐसे किरदार बहुत अट्रैक्टिव लगते हैं।

### पहले नहीं पता था कि एक्शन भी होगा

एक्टिंग के साथ नवीन के एक्शन सीन को भी काफी पसंद किया गया। वह कहते हैं- जब कहानी के बारे में मुझे बताया गया तब मुझे नहीं पता था कि इसमें एक्शन भी करूंगा। मुझे तो यही लग रहा था कि मुझे कास्ट कर रहे हैं तो इसमें एक्शन कहां से होगा? हालांकि फारुक कबीर जिस तरह से मेरे किरदार के बारे में बता रहे थे। मैं यही सोच रहा था कि थोड़ा बहुत एक्शन सीन होगा, लेकिन इसमें तो प्रॉपर एक्शन था। मैंने लाइफ में कभी भी गन नहीं चलाई थी और ना ही गन चलाने वाला कोई किरदार ही निभाया था। इसमें सब कुछ मेरे लिए नया था।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in